

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा



रांची, गुरुवार, 11 जून 2026

संवत 2083, अधिक ज्येष्ठ कृष्ण प्रतिपदा 11 मूल्य-3 रुपये

वर्ष-9, अंक 267, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

सांध्य दैनिक

4 ▶▶ प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा नये भारत के निर्माण का स्वर्णिम अध्याय

एक्ट्रेस माही विज ने सहर होने को है शो से कहा अलविदा ◀◀ 6

# जमीन बचाने सड़कों पर उतरे नगड़ी के किसान, रिम्स-2 का किया विरोध

संवाददाता




**रांची:** झारखंड की राजधानी रांची के नगड़ी क्षेत्र में प्रस्तावित 'रिम्स-2' के निर्माण को लेकर विवाद गहरा गया है। आज आदिवासी संगठनों और 'नगड़ी जमीन बचाओ संघर्ष समिति' के बैनर तले हजारों की संख्या में ग्रामीण, किसान और आदिवासी समाज के लोग सड़कों पर उतर आए। आंदोलनकारियों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के लिए पैदल मार्च शुरू किया, हालांकि प्रशासन ने मुस्तैदी दिखाते हुए उन्हें कांके ब्लॉक चौक के पास भारी बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया।

उपजाऊ जमीन पर निर्माण मंजूर नहीं :

**प्रदर्शनकारियों का साफ कहना है कि वे विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन विकास की कीमत पर अपनी आजीविका का बलिदान नहीं देंगे। आंदोलन में शामिल**

**किसान नेताओं ने कहा:** नगड़ी क्षेत्र की जमीन अत्यंत उपजाऊ है और यहाँ की एक बड़ी आबादी पूरी तरह से खेती पर निर्भर है। अगर सरकार को रिम्स-2 जैसे महत्वपूर्ण अस्पताल या संस्थान का निर्माण करना ही है, तो इसके लिए किसी बंजर या गैर-कृषि भूमि का चयन किया जाए।

ग्रामीणों ने भावुक होते हुए कहा कि यह लड़ाई सिर्फ जमीन के टुकड़े की नहीं, बल्कि उनके अस्तित्व, पहचान, संस्कृति और आने वाली नस्लों के भविष्य की है।

**प्रशासन ने रोका तो दी खेतों के रास्ते जाने की चेतावनी :** प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, इस महारैली में पुरुषों के साथ-साथ भारी संख्या में महिलाएं और युवा भी पारंपरिक हथियारों और तख्तियों के साथ शामिल हुए। जब विशाल जनसैलाब मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़ रहा था, तब कांके ब्लॉक चौक पर तैनात भारी पुलिस बल ने उन्हें रोक लिया। प्रशासन ने रैली को कांके प्रखंड कार्यालय की ओर मोड़ने (डायवर्ट करने) की कोशिश की, जिससे मौके पर तनाव बढ़ गया।

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम, स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में :** असंतोष और ग्रामीणों के कड़े रुख को देखते हुए पूरे क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल और रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती की गई है। प्रशासनिक अधिकारी लगातार प्रदर्शनकारियों के प्रतिनिधियों से बातचीत कर उन्हें समझाने और शांत कराने का प्रयास कर रहे हैं। फिलहाल आंदोलनकारी अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं और मौके पर स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में बनी हुई है।

# नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक शुरू, हेमंत सोरेन भी हुए शामिल



संवाददाता

**रांची :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज गुरुवार को दिल्ली में नीति आयोग की 11वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक शुरू हुई। बैठक में देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री, गवर्नर, केंद्रीय मंत्री सहित नीति आयोग के अधिकारी शिरकत करने पहुंचे हैं।

कर्नाटक के सीएम शिवकुमार, प बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी और तमिलनाडु के सीएम विजय पहली बार बैठक में शामिल हुए हैं। भाजपा शाषित मुख्यमंत्रियों के अलावा झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक में शामिल हुए हैं।

जानकारी के अनुसार बैठक में मानव विकास, रोजगार, कौशल विकास, स्वास्थ्य, पोषण, समान अवसर और डिजिटल गवर्नेंस सहित अन्य मुद्दों पर मंथन किया जा रहा है। बैठक का मुख्य फोकस विकसित भारत-2047 का लक्ष्य हासिल करना है। इस लक्ष्य को पाने के लिए समावेशी मानव विकास की रणनीति तैयार कर उसे हर नागरिक तक पहुंचाना है। इस साल नीति आयोग की बैठक की थीम विकसित भारत @2047 के लिए समावेशी मानव विकास है। यानी 2047 तक हर उम्र, क्षेत्र, लिंग और सामाजिक-आर्थिक बैकग्राउंड से इतर हर भारतीय को विकास का लाभ मुहैया कराना है।

## ईरान के विरोध में उतरे अमेरिका और कई यूरोपीय देश, अस्थिरता फैलाने का आरोप लगाया



**नई दिल्ली :** अमेरिका, कनाडा, न्यूजीलैंड और कई यूरोपीय देशों ने एक संयुक्त बयान में ईरान की सुरक्षा एजेंसियों पर अस्थिरता फैलाने और लोगों को निशाना बनाने की कोशिशों की कड़ी निंदा की। साथ ही उन्होंने ऐसे सभी हमलों को रोकने और अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करने की बात कही है। यूएस डिपार्टमेंट ऑफ स्टेट के अनुसार, अमेरिका, कनाडा, न्यूजीलैंड, यूनाइटेड किंगडम, अल्बानिया, बेल्जियम, बुल्गारिया, चेकिया, डेनमार्क, एस्टोनिया, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, आयरलैंड, लातविया, लिथुआनिया, नीदरलैंड, नॉर्थ मैसेडोनिया, नॉर्वे, पुर्तगाल और स्वीडन और ऑस्ट्रेलिया ने ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की खुफिया इकाई, कुद्स फोर्स और मंत्रालय ऑफ इंटेलिजेंस एंड सिक्योरिटी की ओर से की जा रही जानलेवा साजिशों और अन्य नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों की निंदा की। इनमें ईरानी असंतुष्टों, पत्रकारों और यहूदी तथा इजरायली समुदायों और उनके हितों के खिलाफ की गई कार्रवाइयां भी शामिल हैं। हम अपने देशों और अपने लोगों को इन खतरों से बचाने के लिए एकजुट हैं।

बयान में कहा गया कि ईरान की सरकार के सुरक्षा तंत्र और अंतरराष्ट्रीय तथा स्थानीय आपराधिक समूहों के बीच लंबे समय से संबंध रहे हैं। इन समूहों का इस्तेमाल करना बहुत निंदनीय है। यूएस डिपार्टमेंट ऑफ स्टेट के अनुसार, इन देशों ने अपने संयुक्त बयान में कहा कि हम हाल ही में यूरोप में हुए उन हमलों की भी निंदा करते हैं, जो यहूदी समुदायों, ईरानी पत्रकारों और अमेरिका से जुड़े हितों को निशाना बनाकर किए गए। जिन्हें 'हरकत अशाब अल-यमीन अल-इस्लामिया' ने अपने सहयोगियों के जरिए अंजाम दिया या समर्थन दिया।

हमारे देशों में लोगों को मारने, अगवा करने, परेशान करने, डराने या किसी भी तरह से हमला करने की कोशिशें हमारे राष्ट्रीय अधिकार और अंतरराष्ट्रीय नियमों को कमजोर करती हैं। ऐसी कार्रवाइयां तुरंत बंद होनी चाहिए। हम इन गतिविधियों को रोकने के लिए मिलकर किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हैं। हम मिलकर आगे और कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि इन्हें रोका जा सके।

अमेरिका और ईरान के बीच एक बार फिर युद्ध को शोर शुरू हो गया है। ईरानी हवदेश मंत्री अराघची का कहना है कि मौजूदा तनाव के लिए अमरिका जिम्मेदार है। वहीं अमरिका इसे ईरान के हमलों की जवाबी कार्रवाई बता रहा है।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य देशों से अपील की है कि वे संयुक्त राष्ट्र की इस परमाणु निगरानी संस्था को एक बार फिर अमेरिका के राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल न होने दें।

इस्लामिक रिपब्लिक न्यूज एजेंसी (आईआरएनए) की रिपोर्ट के अनुसार, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में शामिल देशों के विदेश मंत्रियों को भेजे गए एक पत्र में अराघची ने ईरान के खिलाफ अमेरिका की ओर से तैयार किए गए प्रस्ताव को राजनीतिक मकसद से प्रेरित और गलत नीयत वाला बताया। उन्होंने यह पत्र उस समय भेजा है, जब आईएईए बोर्ड की जून महीने की तिमाही बैठक वियना में चल रही है।

# होर्मुज के पास हुए जहाज हादसे में तीन भारतीयों नाविकों की मौत, केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने की पुष्टि

संवाददाता



**नई दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने एमटी सेट्टेबेलो तेल टैंकर हादसे के बाद लापता बताए जा रहे तीन भारतीयों के मौत की पुष्टि की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सोनोवाल ने इस दुखद घटना पर खेद जताया। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ₹ पलाऊ के झंडे वाले एमटी सेट्टेबेलो पर हुई दुखद घटना के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। दुख की बात है कि शुरू में लापता बताए गए तीन भारतीय नाविकों के शव मिलने और उनकी पहचान होने के बाद अब उनकी मौत की पुष्टि हुई है।₹ उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि बचाए गए भारतीय नाविकों को जल्द से जल्द भारत वापस लाया जाए। साथ ही जिन नाविकों की मौत हुई है, उनके पार्थिव शरीर भी जल्दी भारत पहुंचाए जाएं ताकि परिवार अंतिम संस्कार कर सकें।

मंगलवार को ही एक पालाउ-ध्वज वाले वाणिज्यिक जहाज पर हमला हुआ था। इसमें मौजूद 24 में से 21 नाविकों को सुरक्षित बचा लिया गया था, जबकि तीन लापता बताए गए। भारत ने इस हमले पर कड़ा विरोध दर्ज कराया था।

भारत के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को पुष्टि की कि उन्होंने नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास के उप प्रमुख जैसन मीक्स को तलब कर इस घटना पर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया था।

अमेरिकी सेना की यूनाइटेड स्टेट्स सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने दावा किया था कि उसने मंगलवार शाम ओमान की खाड़ी से गुजर रहे सेट्टेबेलो नामक जहाज पर अचूक हमला किया था। सेंटकॉम के अनुसार, जहाज ईरानी तेल ले जा रहा था और चालक दल ने अमेरिकी बलों के निदेशों का पालन नहीं किया था।

हालांकि, जहाज एक रासायनिक एवं तेल उत्पाद टैंकर था, जिसने ओमान के सोहार बंदरगाह से लगभग 20 समुद्री मील (करीब 37 किलोमीटर) उत्तर-पूर्व में इंजन रूम में आग लगने की सूचना दी थी। इसके बाद जहाज से आपातकालीन सहायता की मांग की गई थी।

## रांची में तेज आंधी के साथ बारिश शुरू, 9 जिलों में ऑरेंज अलर्ट



**रांची :** राजधानी रांची में गुरुवार दोपहर लगभग दो बजे के बाद मौसम ने अचानक कर-वट ले ली। तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई, जिससे शहर के कई इलाकों में मौसम सुहावना हो गया। वहीं वज्रपात भी हो रही है। इसके साथ ही राज्य के कई अन्य जिलों में भी बारिश दर्ज की गई।

मौसम विभाग के अनुसार, झारखंड में दक्षिण-पश्चिम मानसून के प्रवेश की परिस्थितियां अनुकूल बन चुकी हैं। अनुमान है कि अगले दो से तीन दिनों के भीतर मानसून राज्य में दस्तक दे सकता है। मौसम विभाग ने 12 जून के लिए दुमका, जामताड़ा, देवघर, धनबाद, गिरिडीह, बोकारो, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिलों में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं 13 जून को संताल परगना के कई जिलों में भारी वर्षा की संभावना जताई गई है। इसके अलावा रांची, खूंटी, रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, धनबाद और बोकारो समेत कई जिलों में 11 से 13 जून के दौरान मेघ गर्जन, वज्रपात और 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की चेतावनी दी गई है। राजधानी रांची में आने वाले कुछ दिनों तक आसमान में बादल छाए रहने और रुक-रुक कर बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

# हजारीबाग में ट्रक और स्कूटी की आमने-सामने टक्कर, एक की मौत



106

**हजारीबाग :** शहर में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार व्यक्ति की जान चली गई। घटना शहर के नेक्सा शोरूम के समीप की है, जहां एक स्कूटी और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी सवार ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह अचानक जोरदार टक्कर की आवाज सुनाई दी। आवाज सुनते ही आसपास मौजूद लोग सप्लाई की ओर दौड़ पड़े। सड़क पर घायल अवस्था में पड़े व्यक्ति को देखकर लोगों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि हादसा इतना गंभीर था कि स्कूटी सवार को तैनात नहीं जा सका। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उद्देश्यों के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही दुर्घटनास्थल से जरूरी गवाही भी जुटाई गई हैं।

**अब तक नहीं हो सकी मृतक की पहचान :** हादसे में जान गंवाने वाले व्यक्ति की पहचान खबर लिखे जाने तक नहीं हो पाई थी। पुलिस मृतक की शिनाख्त कराने की कोशिश कर रही है। आसपास के थाना क्षेत्रों में भी सूचना भेजी गई है ताकि मृतक के परिजनों का पता लगाया जा सके। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में ट्रक और स्कूटी के बीच सीधी टक्कर होने की बात सामने आई है। हालांकि दुर्घटना आखिर किन परिस्थितियों में हुई, इसकी विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस ट्रक चालक और अन्य प्रत्यक्षदर्शियों से भी पूछताछ कर रही है।

**कुछ देर के लिए यातायात हुआ प्रभावित :** हादसे के बाद सड़क पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई थी, जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई। बाद में पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए सड़क से क्षतिग्रस्त वाहन हटवाए और यातायात को सामान्य कराया। सुबह-सुबह हुए इस हादसे के बाद पूरे इलाके में घटना चर्चा का विषय बनी रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे और व्यस्त सड़कों पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बनती है। लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा उपायों को और मजबूत करने की मांग की है।

## बिहार के खगड़िया में आकाशीय बिजली गिरने से 5 लोगों की मौत, कई अन्य लोग झुलसे

**पटना :** बिहार के खगड़िया जिले में गुरुवार को आकाशीय बिजली गिरने की तीन अलग-अलग घटनाओं में पांच लोगों को मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हुए। इस घटना के बाद गांवों में शोक की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित परिवारों को तुरंत मुआवजा दिया जाए। जानकारी के अनुसार, एक घटना खगड़िया जिले के गोगरी ब्लॉक की बलतारा पंचायत के कनहौली गांव में हुई। कई लोग खेत पर काम कर रहे थे। मौसम खराब होने पर मजदूर किसी जगह शरण लेने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरी। ग्रामीण पीड़ितों की मदद के लिए दौड़े, लेकिन बिजली गिरने से बुरी तरह झुलसने के कारण तीन लोगों की मौत हो चुकी थी। मरने वालों में 8 साल का एक लड़का भी शामिल था। मृतकों की पहचान आशुतोष यादव, विद्यानंद यादव और आशुतोष यादव के 8 साल के बेटे के रूप में हुई। इस घटना में दो अन्य ग्रामीण भी घायल हो गए और उन्हें तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने बताया कि दोनों अभी खतरे से बाहर हैं। खगड़िया जिले के बेलदौर थाना क्षेत्र में दूसरी घटना हुई, जिसमें बिजली गिरने से दो युवकों की मौत हो गई।

### सिमडेगा में अवैध शराब माफियाओं पर पुलिस का शिकंजा

# 300 किलो जावा महुआ नष्ट, 40 लीटर शराब के साथ 3 गिरफ्तार



**सिमडेगा:** जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री के खिलाफ पुलिस प्रशासन ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस अधीक्षक (रढ) के सख्त निर्देश पर बुधवार, 10 जून 2026 को बोलबा थाना पुलिस और उत्पाद विभाग की संयुक्त टीम ने एक बड़ा छापामारी अभियान चलाया। इस कार्रवाई से इलाके के अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

**मौके पर नष्ट किया गया जावा महुआ :** संयुक्त टीम ने क्षेत्र के विभिन्न संदिग्ध ठिकानों पर अचानक दबिश दी। इस छापेमारी के दौरान पुलिस ने अवैध शराब बनाने के लिए छिपाकर रखे गए लगभग 300 किलोग्राम जावा महुआ को बरामद किया। शराब के इस कच्चे माल को पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम ने मौके पर ही पूरी तरह से नष्ट (विनष्ट) कर दिया। इसके अलावा, मौके से 40 लीटर तैयार महुआ शराब भी जब्त की गई।

**3 आरोपियों पर लगा जुमार्ना, दी गई कड़ी चेतावनी :** इस अवैध धंधे में संलिप्त पाए गए 03 व्यक्तियों को मौके पर ही दबोच लिया गया। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम (एá्रुरी अूउ) के तहत कानूनी कार्रवाई करते हुए उन पर भारी जुमार्ना (फाइन) लगाया गया। साथ ही प्रशासन द्वारा उन्हें सख्त हिदायत दी गई है कि यदि भविष्य में वे दोबारा ऐसी किसी भी अवैध गतिविधि में शामिल पाए गए, तो उनके खिलाफ जेल भेजने जैसी कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## समाचार सार

### अल्मा मेटर संस्था में ड्राइंग प्रतियोगिता संपन्न, 40 विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर

**खूंटी :** अल्मा मेटर संस्था के तत्वावधान में संचालित कम्युनिटी क्लास में शनिवार को ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 40 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कला एवं रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रयासों और रचनात्मक सोच के लिए सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों द्वारा बनाई गई आकर्षक चित्रकृतियों ने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

संस्था के सचिव भूपेंद्र कंसारी ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए संस्था द्वारा समय-समय पर विभिन्न सह-पाठ्यक्रम (एक्स्ट्रा करिकुलर) गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभाओं को पहचानने और निखारने का अवसर मिलता है, जिससे उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में रितिका दत्ता एवं आंचल कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। संस्था की ओर से बताया गया कि भविष्य में भी बच्चों के शैक्षणिक एवं रचनात्मक विकास के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। यह आयोजन गोपद कॉम्प्लेक्स, द्वितीय तल्ला, खूंटी स्थित अल्मा मेटर संस्था परिसर में संपन्न हुआ।

### चलती ऑटो अनियंत्रित होकर पलटी, सात लोग घायल



**खूंटी :** जिले के जरियागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बकसपुर से छोटका रेगरे जाने वाले मार्ग पर मंगलवार को एक सवारी ऑटो दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बताया जाता है कि चलती ऑटो में अचानक एक कुत्ता घुस जाने से चालक का संतुलन बिगड़ गया और ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में ऑटो में सवार सात लोग घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को उपचार के लिए सदर अस्पताल खूंटी पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों की देखरेख में घायलों का इलाज जारी है।

हादसे में बड़का रेगरे निवासी संतोषी देवी, गुड़िया देवी एवं पौलिना कण्डुलना गंभीर रूप से घायल हो गईं। तीनों के सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल पौलिना कण्डुलना की स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित रिम्स रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऑटो में सवार सभी लोग पंचायत भवन बकसपुर में अपने निजी कार्यों का निपटारा करने के बाद ऑटो से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में यह दुर्घटना घटित हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाए जाने से समय पर उपचार संभव हो सका। पुलिस मामले की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है।

### तोरपा साप्ताहिक बाजार में महिला के गले से 11 ग्राम सोने की चेन की छिनतई

**तोरपा:** प्रखंड मुख्यालय स्थित कर्रा रोड पर मंगलवार को लगे साप्ताहिक बाजार में एक महिला के गले से अज्ञात महिलाओं द्वारा 11 ग्राम सोने की चेन छीन लेने का मामला सामने आया है। घटना शाम करीब 6 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, तपकरा थाना क्षेत्र के बिरता गांव निवासी आरती देवी बाजार में सब्जी खरीद रही थीं। इसी दौरान तीन अज्ञात महिलाएं, जो सूट पहनकर खरीदारी करने के बहाने उनके पास पहुंचीं, भीड़ का फायदा उठाकर उनके गले से लगभग 11 ग्राम वजन की सोने की चेन छीनकर फरार हो गईं। पीड़िता ने बताया कि घटना में शामिल महिलाओं की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष के बीच थी। चेन की अनुमानित कीमत करीब 1.50 लाख रुपये बताई जा रही है। घटना के बाद आरती देवी ने तोरपा थाना पहुंचकर लिखित आवेदन सौंपते हुए दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। घटना से बाजार क्षेत्र में लोगों के बीच चिंता का माहौल है। वहीं, पुलिस आवेदन के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है तथा छिनतई में शामिल महिलाओं की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

### ग्रामीणों ने खुद उठाया बीड़ा, कर दी कच्ची सड़क मरम्मत



**चतरा :** कहते हैं कि मजबूत हौसला और समाज के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो बड़ी से बड़ी रुकावट दूर की जा सकती है। इस कहावत को सच करके दिखाया है जिले के हंटरगंज प्रखंड के तरवागड़ा पंचायत के शाही नौडीहवा टोला गांव के ग्रामीणों ने।ग्रामीणों ने शासन और प्रशासन के झूठे वादों से नाराज होकर खुद ही कच्ची सड़क का बीड़ा उठाया।ग्रामीणों ने आपस में चंदा कर श्रमदान दिया और खुद ही सड़क बनाने में जुट गए। इस दौरान प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के प्रति लोगों में गहरी नाराजगी देखने को मिली। गांव में आजादी के 78 साल बीतने के बाद भी आज तक इस गांव में पक्की सड़क नहीं बनी है। इस कारण ग्रामीणों को कीचड़मय रास्ते से आवागमन करना पड़ता था।जिससे कीचड़ और गड्ढों के कारण बच्चों को स्कूल जाने, किसानों को खेतों तक पहुंचने और मरीजों को अस्पताल ले जाने में भारी परेशानी होती थी। कई बार ग्रामीणों ने सड़क का निर्माण के लिए अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक गुहार लगाई, लेकिन आश्वासन के सिवा आज तक कुछ नहीं मिला। थक हारकर यहां के ग्रामीणों ने खुद चंदा जुटाकर और श्रमदान कर कच्ची सड़क बनाया।इस संबंध में ग्रामीणों ने कहा कि चुनाव के समय नेता आते हैं और बड़े-बड़े वादे कर चले जाते हैं।लेकिन चुनाव जीतने के बाद सब भूल जाते है। वहीं मामले में प्रशासन भी सुध नहीं ले रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि आपसी सहयोग से चंदा इकट्ठा किया और उस राशि से एक जेसीबी मशीन मंगवाई. इसके बाद, गांव के युवा, बुजुर्ग और महिलाएं सभी एकजुट हो गए।फावड़ा, टोकरी और अन्य औजारों के साथ वे सड़क निर्माण में जुट गए ।उनकी मेहनत का नतीजा यह हुआ कि कुछ ही दिनों में एक किलोमीटर लंबी कच्ची सड़क तैयार हो गई,। ग्रामीणों ने बताया कि यह कच्ची सड़क पंचफेडवा मैदान से पीसीसी मुख्य मार्ग शाही तक निर्माण किया गया। ग्रामीण उमेश यादव, शंभू यादव, राजदेव प्रसाद यादव, रामजी यादव, मतीया देवी, मुनिया देवी, उर्मिला देवी, मुकेश कुमार, पप्पू कुमार, सोनू कुमार , कमलेश कुमार, विकास कुमार, मनीष कुमार, टुन्नी देवी, सुनीता देवी, किरण देवी, राधिका देवी, पतवा देवी सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने कहा सड़क नहीं रहने के कारण दूसरे गांव वाले बेटी की शादी करने से डरते हैं, ग्रामीणों ने अब सरकार से पीसीसी सड़क की मांग की है।

प्रमोद हत्याकांड का चतरा पुलिस ने किया खुलासा

# हथियार खरीद बिक्री में दोस्तों ने मिलकर की थी हत्या



संवाददाता

**चतरा :** बीते 7 जून से लापता राजपुर थाना क्षेत्र के गड़िया गांव के 18 वर्षीय प्रमोद यादव हत्याकांड का चतरा पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में दो अप्राथमिक अभियुक्त और एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। चतरा एसडीपीओ सन्नी वर्धन ने आज अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि गड़िया गांव के देवलाल यादव ने 7 जून को राजपुर थाना में एक लिखित आवेदन देकर अपने पुत्र प्रमोद कुमार का अज्ञात लोगों के द्वारा अपहरण किए जाने की बात कही थी। इस संबंध में राजपुर थाना कांड सं0-37/26, दिनांक-07.06.2026, धारा-137(2)/140(1)/140(2)/140(3)/126(2)/351(2) बीएनएस दर्ज की गई है। युवक के अपहरण के मामला को देखते हुए इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी के निर्देश पर उनके नेत्तृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। टीम के द्वारा त्वरित अनुसंधान के क्रम में 07 जून को ही गड़िया गाँव से अपहृत युवक प्रमोद कुमार का शव गड़िया पुल से करीब 200 मीटर उत्तर नदी में बालू के अन्दर गाड़ कर छिपाया हुआ मिला। बताया कि अनुसंधान के क्रम में ह्यूमन रिसोर्स एवं तकनिकी इनपुट का गहनता से अवलोकन किया गया।पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेशानुसार हरेक पहलू को मद्देनजर रखते हुए हत्या के पीछे के मूल कारण का पता लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक के सूक्ष्म निरीक्षण में हरेक पहलू पर अनुसंधान किया गया।अंततः टीम ने साक्ष्यों का सुक्ष्मता से संकलन किया और तकनिकी शाखा के सहयोग से पेशेवर तरीके से अनुसंधान को आगे बढ़ाया जिससे यह पता चला कि युवक की हत्या पथेल गाँव के उसके एक दोस्त नें अवैध हथियार की खरीद बिक्री को लेकर अपने अन्य चार साथियों के साथ मिलकर किया है और साक्ष्य छुपाने के नियत से मृतक के शव नदी के बालू में गाड़ दिया है।तत्पश्चात त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या में शामिल दो अप्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार किये गये है तथा एक नाबालिक को निरुद्ध किया गया है। उन्होंने बताया कि हत्या में प्रयुक्त गमछा, रस्सी का टुकड़ा, मृतक का आईफोन मोबाइल,हत्या का कारण बने सात (07) अदद जिन्दा राउण्ड एवं अन्य तीन मोबाइल

बरामद किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में पथेल, टोला-बघमरी, थाना- राजपुर के सुनिल कुमार (19 वर्ष) पिता बैजनाथ सिंह एवं सुनिल कुमार ( 21 वर्ष), पिता विकास सिंह भोक्ता को गिरफ्तार किया गया। वही

एक नाबालिक को निरुद्ध किया गया।छापामारी टीम में चतरा के एसडीपीओ

सन्नी वर्धन, सदर अंचल के पुलिस निरीक्षक विपीन कुमार, पुअनि सह राजपुर थाना प्रभारी रूपेश कुमार, पुअनि अमित कुमार गुप्ता, राजपुर थाना,पुअनि संदीप प्रसाद वर्मा, राजपुर थाना,

तकनिकी शाखा में कार्यरत कर्मी एवं राजपुर थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### निषिद्ध मादक पदार्थो के दुरुपयोग के विरुद्ध जिले में जागरूकता अभियान शुरू



संवाददाता

**खूंटीः** उपायुक्त मो० जावेद हुसैन के निदेर्शानुसार जिला समाज कल्याण विभाग, खूंटी द्वारा निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध 10 जून से 25 जून 2026 तक चलने वाले जागरूकता अभियान का शुभारंभ मंगलवार को समाहरणालय सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मियों को नशामुक्त समाज के निर्माण और मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम हेतु शपथ भी दिलाई गई।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान जिले के ग्राम, पंचायत, प्रखंड एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में जनजागरूकता रैली, शपथ ग्रहण, नुक्कड़ नाटक, विद्यालय एवं महाविद्यालय आधारित कार्यक्रमों सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी जाएगी। उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश ने कहा कि मादक पदार्थों का सेवन व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए गंभीर खतरा है। इसके उन्मूलन के लिए जनभागीदारी आवश्यक है। उन्होंने सभी नागरिकों से अभियान में सक्रिय सहयोग देने और नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार एवं जिला प्रशासन नशे के विरुद्ध जागरूकता बढ़ाने और इसके नियंत्रण के लिए लगातार प्रयासरत हैं। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के आईसीटीसी काउंसलर ने नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशे की लत व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार तथा पारिवारिक जीवन को प्रभावित करती है। साथ ही लोगों को स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। काउंसलर ने बताया कि नशे की समस्या से जूझ रहे व्यक्ति अथवा उनके परिजन सहायता एवं परामर्श के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 112 पर संपर्क कर सकते हैं। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों एवं सुदूरवर्ती क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों तथा नशामुक्त जीवन के महत्व के प्रति जागरूक करेगा। साथ ही हस्ताक्षर अभियान के तहत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हस्ताक्षर कर नशामुक्त समाज निर्माण का संदेश दिया और आमजन से भी इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, नजारत उप समाहर्ता, स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### लक्षणपुर स्थित भेड़ी फार्म डैम का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**चतरा :** उपायुक्त रवि आनंद ने बुधवार को जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ चतरा प्रखंड अंतर्गत लक्षणपुर स्थित भेड़ी फार्म डैम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्र में पर्यटन विकास की संभावनाओं का आकलन करते हुए उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने डैम परिसर, चिल्ड्रेन पार्क एवं पर्यटकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों के साथ स्थल का भ्रमण कर क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से और अधिक विकसित करने की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की।उपायुक्त ने कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण भेड़ी फार्म डैम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने की पर्याप्त संभावनाएं हैं। उन्होंने स्थल के सौंदर्यीकरण, पर्यटक सुविधाओं के विस्तार, डैम के गहरीकरण तथा अन्य आवश्यक आधारभूत संरचनाओं के विकास के संबंध में संबंधित पदाधिकारियों से विमर्श किया।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्यों का प्राक्कलन तैयार कर यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि पर्यटन विकास एवं आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।उन्होंने कहा कि जिले के प्राकृतिक एवं पर्यटन स्थलों का समुचित विकास जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। ऐसे स्थलों के विकास से न केवल स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, जिला योजना पदाधिकारी शिशिर पंडित, ईडीएम रितेश कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

उपायुक्त की पहल और जेएसएलपीएस के सहयोग से आम उत्पादकों को मिला बेहतर बाजार

## 97 क्विंटल आम की हुई बिक्री, 3 लाख रुपये का कारोबार

संवाददाता

**चतरा :** जिले में आम उत्पादक किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने एवं ग्रामीण महिलाओं की आय में वृद्धि सुनिश्चित करने की दिशा में जिला प्रशासन एवं झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) द्वारा किए जा रहे प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आने लगा है। उपायुक्त रवि आनंद के मार्गदर्शन में आम उत्पादकों को बाजार से जोड़ने के लिए किए गए समन्वित प्रयासों के फलस्वरूप अब तक लगभग 97 क्विंटल आम की बिक्री की जा चुकी है, जिससे करीब 3 लाख रुपये का कारोबार हुआ है।जिले में गंधरिया आजीविका महिला फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी सहित कुल 05 महिला किसान उत्पादक संगठनों एवं 12 रिटेल बिक्री केंद्रों के माध्यम से आम के संग्रहण, विपणन एवं बिक्री का कार्य किया जा रहा है। बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत उत्पादित आम को संगठित बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किसानों, स्वयं सहायता समूहों एवं खरीदारों के बीच



बेहतर समन्वय स्थापित किया गया है।उल्लेखनीय है कि उपायुक्त रवि आनंद के निदेर्शानुसार आम उत्पादक किसानों को बाजार से सीधे जोड़ने एवं उनके उत्पाद का उचित मूल्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आम क्रेता-विक्रेता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस पहल के माध्यम से किसानों, किसान उत्पादक संगठनों एवं खरीदारों के बीच प्रत्यक्ष संवाद स्थापित हुआ, जिसका सकारात्मक प्रभाव आम के विपणन एवं बिक्री पर देखने को मिल रहा है।आम के इस सीजन में लगड़ा, मालदा, हिमसागर, आम्रपाली सहित विभिन्न स्थानीय एवं उन्नत किस्मों के आम किसानों से सीधे संग्रहित कर बाजार तक पहुंचाए गए। इससे किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त हुआ, वहीं उपभोक्ताओं को भी ताजे एवं गुणवत्तापूर्ण आम उपलब्ध हो सके।इस गतिविधि में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी ग्रामीण महिलाएं आम के संग्रहण, ग्रेडिंग, छंटाई, पैकेजिंग, परिवहन एवं बिक्री कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। इससे उनकी आय में वृद्धि हुई है तथा आर्थिक आत्मनिर्भरता को नया बल मिला है। ग्रामीण महिलाओं के लिए यह पहल अतिरिक्त आय का महत्वपूर्ण स्रोत बनकर उभरी है।पूर्व में किसानों को अपने उत्पाद के विपणन के लिए पर्याप्त बाजार उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें आम कम कीमत पर बेचना पड़ता था। झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाइटी के सहयोग से किसान उत्पादक संगठनों एवं रिटेल बिक्री केंद्रों की व्यवस्था विकसित होने के बाद किसानों को बेहतर बाजार एवं उचित मूल्य मिलने लगा है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली है।उपायुक्त रवि आनंद ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य उपलब्ध कराना तथा ग्रामीण महिलाओं को आजीविका के स्थायी अवसरों से जोड़ना जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि किसान उत्पादक संगठनों एवं स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाकर स्थानीय उत्पादों के विपणन को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे किसानों की आय बढ़ाने एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहायता मिल रही है।इस संबंध में जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) जेएसएलपीएस गौरव जायसवाल ने कहा कि झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाइटी का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं एवं किसानों को संगठित कर उन्हें स्थायी आजीविका के अवसरों से जोड़ना है। आम विपणन की यह पहल किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के साथ-साथ महिला स्वयं सहायता समूहों की आय बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आने वाले समय में इस मॉडल का और विस्तार किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक किसान एवं महिला समूह इससे लाभान्वित हो सकें।

पिपरवार के साफी नदी से बरामद महिला के शव का हुआ उद्भेदन

## पुलिस ने किया खुलासा महिला का हुआ था गैंगरेप,चार अप्राथमिक अभियुक्त गिरफ्तार

### शादी के दवाब में प्रेमी ने प्रेमिका का सहयोगियों के साथ मिलकर किया था हत्या

संवाददाता

**चतरा :** जिले के पिपरवार थाना क्षेत्र के साफी नदी में बालू में गाड़कर रखे गए अज्ञात महिला के शव प्रकरण का पिपरवार पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है। बुधवार को पिपरवार थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में टंडवा एसडीपीओ

प्रभात रंजन बरवार ने बताया कि बीते 06 जून को पिपरवार थाना अंतर्गत साफी नदी में एक महिला का शव बालू में दबा हुआ पाया गया था । मामले के उद्भेदन को लेकर पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने उनके नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि कांड अनुसंधान के क्रम मे घटनास्थल की घेराबंदी की गई तथा राजकीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला झारखण्ड, राँची की टीम को



सूचित किया गया जिसके आलोक में विधि विज्ञान प्रयोगशाला रांची की तीन सदस्यी टीम घटनास्थल पर पहूँचे तथा विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम के द्वारा अहम सुराग दिए गए।अनुसंधान के क्रम में मृतिका की पहचान रांची जिले के रातू थाना क्षेत्र के सिमलिया के रुप मे की गई। एसडीपीओ ने बताया कि महिला 01 जून को घर से मंडा मेला देखने के नाम पर निकली थी। अनुसंधान के क्रम मे ज्ञात हुआ कि उसका खलारी थाना अंतर्गत मनातु ग्राम निवासी सूरज कुमार से प्रेम प्रसंग था तथा वह सूरज कुमार से शादी का दबाव बना रही थी तथा नही करने पर फंसा देने की धमकी भी अक्सर देती थी जिस कारण सूरज कुमार ने अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर दिनांक 01 एवं 02 जून की रात्री को उसकी हत्या करने की योजना बनाई तथा मृतिका को बहला फुसलाकर अपने गांव मंडा मेला देखने के बहाने तथा शादी की बातचीत करने पंडरिया जंगल लेकर गए। जहाँ पर इसके साथ सूरज कुमार के अन्य साथी राहुल भूईयां व रोहित कुमार महतो के द्वारा शारीरिक संबंध भी बनाया।जिसके बाद चाकु व ईट से उसे मार दिया गया तथा मृतिका के शव को बालु मे गाड़ दिया गया। श्री बरवार ने बताया कि अनुसंधान के क्रम मे चार अप्रा0 अभि0 को गिरफ्तार किया गया तथा उनके निशानदेही पर पीडिता का सैंडल व अन्य सामान की बरामदगी की गई है। गिरफ्तार अप्राथमिकी अभियुक्तों में

सुरज कुमार (19 वर्ष) पे0 प्रसाद महतो,पवन महतो (21 वर्ष) पिता केश्वर महतो,राहुल भूईयां (19 वर्ष) पे0 हिरालाल भूईयां,रोहित कुमार महतो (19 वर्ष) पिता बालेश्वर महतो सभी ग्राम- मनातू, पो0 झ राय, थानाझ खलारी, जिला झराँची। अभियुक्तों की निशानदेही पर मृतिका का सैंडल,घटना मे प्रयुक्त चाकु,घटना मे प्रयुक्त ईट एवं हीरो स्पैलंडर प्लस बाईक बरामद किया गया है। इस मामले में पूर्व में पिपरवार थाना कांड सं0-26/26, धारा-103(1)/238/3(5) बीएनएस दर्ज किया था।

## छात्रा से मोबाइल छिनतई मामले का खुलासा,आरोपी गिरफ्तार, मोबाइल और स्कूटी बरामद

**रांची :** सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में छात्रा से मोबाइल छिनतई के मामले का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से छिनतई किया गया मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त स्कूटी भी बरामद कर जब्त कर ली है।

जानकारी के अनुसार 7 जून को एक छात्रा के साथ मोबाइल छिनतई की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना में एक व्यक्ति द्वारा स्कूटी का उपयोग कर छात्रा का मोबाइल फोन छीन लिया गया था। मामले की प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच शुरू की। जांच के दौरान सुखदेवनगर थाना कांड संख्या 208/26 के अप्राथमिकी अभियुक्त रितेश कुमार तिवारी (22 वर्ष), पिता स्वर्गीय सीताराम तिवारी, निवासी न्यू मधुकम, सुखदेवनगर को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ एवं साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की निशानदेही पर छिनतई किया गया मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद कर जब्त कर ली गई। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## 30 जून तक होल्डिंग टैक्स जमा करने पर मिलेगी 10% तक की छूट

**रांची :** रांची नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए होल्डिंग टैक्स के समय पर भुगतान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से करदाताओं के लिए विशेष छूट योजना लागू की है। योजना के तहत निर्धारित अवधि के भीतर होल्डिंग टैक्स का एकमुश्त भुगतान करने वाले नागरिकों को देय कर राशि पर अधिकतम 10 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जा रही है। नगर निगम प्रशासन के अनुसार इस विशेष छूट का लाभ प्राप्त करने के लिए करदाताओं को 30 जून 2026 तक अपने होल्डिंग टैक्स का पूर्ण भुगतान करना होगा। निगम ने बताया कि योजना की अंतिम तिथि तक अब केवल 19 दिन शेष रह गए हैं, ऐसे में करदाताओं को जल्द से जल्द भुगतान कर छूट का लाभ उठाना चाहिए।

नगर निगम का मानना है कि इस पहल से करदाताओं को आर्थिक राहत मिलेगी तथा समय पर राजस्व संग्रहण सुनिश्चित होगा। निगम द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे अंतिम समय की भीड़ से बचते हुए निर्धारित अवधि के भीतर अपना होल्डिंग टैक्स जमा करें।

रांची नगर निगम ने सभी होल्डिंगधारकों एवं करदाताओं से आग्रह किया है कि वे समय रहते अपने कर दायित्वों का निर्वहन करें और निगम की इस विशेष प्रोत्साहन योजना का अधिकतम लाभ प्राप्त करें।

## सीसीएल पिपरवार में शिकायत निवारण शिविर, 38 शिकायतों का हुआ पंजीकरण

**रांची :** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के निदेशालय (मानव संसाधन प्रबंधन) के तत्वावधान में बुधवार को पिपरवार क्षेत्र में शिकायत निवारण शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य कर्मचारियों, पूर्व कर्मचारियों, उनके आश्रितों, ठेकेदारों एवं अन्य हितधारकों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाप्रबंधक (समाधान प्रकोष्ठ) सुमन रस्तोगी ने की। इस अवसर पर मुख्य प्रबंधक (मानव संसाधन) समाधान प्रकोष्ठ श्री गौतम चौधरी, मुख्य प्रबंधक (मानव संसाधन) समाधान प्रकोष्ठ श्री तेजविंदर सिंह, स्टाफ अधिकारी (मानव संसाधन) पिपरवार क्षेत्र सहित मानव संसाधन विभाग के अधिकारी, स्टाफ अधिकारी (सिविल), खनन विभाग के प्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3:30 बजे तक आयोजित शिविर में कर्मचारियों, पूर्व कर्मचारियों, उनके आश्रितों, ठेकेदारों तथा अन्य हितधारकों द्वारा कुल 38 शिकायतें दर्ज कराई गईं। प्राप्त शिकायतों में आवास (क्वार्टर) अनुरक्षण, अनुकम्पा नियुक्ति, सीएमपीएफ से संबंधित ऑनलाइन डाटा अद्यतन तथा अन्य सेवा संबंधी विषय प्रमुख रहे। शिविर के दौरान सभी आगंतुकों को अपनी समस्याएं एवं सुझाव रखने का अवसर प्रदान किया गया। प्राप्त शिकायतों का विधिवत पंजीकरण किया गया तथा कई मामलों में संबंधित व्यक्तियों को मौके पर ही आवश्यक जानकारी एवं समाधान उपलब्ध कराया गया। शेष मामलों में नियमानुसार औपचारिक कार्रवाई करते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा। सीसीएल प्रबंधन के अनुसार यह शिकायत निवारण शिविर प्रबंधन एवं हितधारकों के बीच प्रत्यक्ष संवाद का प्रभावी मंच साबित हुआ। साथ ही यह आयोजन त्वरित शिकायत निवारण, पारदर्शी प्रशासन तथा कर्मचारी कल्याण के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

## समर्पण शाखा ने लगाया नेत्रदान व स्वास्थ्य जांच शिविर



**रांची :** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा द्वारा निशुल्क नेत्र जांच, नेत्रदान जागरूकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। यह शिविर नेत्र दिवस के अवसर पर अध्यक्ष शुभा अग्रवाल के नेतृत्व में मनोराज अपार्टमेंट, रातू रोड में आयोजित किया गया। आराम हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा शिविर में उपस्थित लोगों की निःशुल्क नेत्र जांच एवं स्वास्थ्य जांच की गई। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को नेत्र स्वास्थ्य एवं नेत्रदान के प्रति जागरूक करना तथा स्वास्थ्य संबंधी प्रारंभिक जांच की सुविधा उपलब्ध कराना था। शिविर में अनेक लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा की अध्यक्षा श्रीमती शुभा अग्रवाल, सचिव रेखा राईका, पूजा लाडिया, आशा सराफ एवं राधिका बोहरा की सक्रिय उपस्थिति एवं सहयोग सराहनीय रहा। शाखा द्वारा भविष्य में भी समाजहित एवं जनकल्याण से जुड़े ऐसे सेवा कार्य निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी वेदिका सिंघानिया ने दी।

### प्रतिभा सम्मान समारोह में राज्यपाल ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित, कहा

# ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी हैं असीम प्रतिभाएं उन्हें अवसर देने की जरूरत




**संवाददाता**

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत बहरागोड़ा स्थित देव वाटिका में आयोजित ह्यह्यप्रतिभा सम्मान समारोह-2026ह्लह्ल में दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभावान छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि किसी भी समाज की सबसे बड़ी पूंजी उसकी युवा प्रतिभाएं होती हैं और शिक्षित, संस्कारित तथा जिम्मेदार युवा ही राष्ट्र की वास्तविक शक्ति हैं।

राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं है, बल्कि चरित्र निर्माण, सामाजिक चेतना और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना भी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी असीम प्रतिभाएं मौजूद हैं, जिन्हें उचित अवसर, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन देकर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है।

उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों को स्थानीय प्रतिभाओं के उत्साहवर्धन के साथ-साथ भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणा का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित करें और उन्हें प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहें। उन्होंने कहा कि सफल व्यक्ति बनने से भी अधिक महत्वपूर्ण एक अच्छा इंसान बनना है।

राज्यपाल ने विद्यार्थियों को विनम्रता, संस्कार और मानवीय मूल्यों को जीवन का आधार बनाने की सलाह देते हुए कहा कि अपनी प्रतिभा और ज्ञान का उपयोग केवल व्यक्तिगत सफलता के लिए नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के कल्याण के लिए भी किया जाना चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि झारखंड की युवा पीढ़ी अपने परिश्रम, प्रतिभा और संस्कारों के बल पर न केवल अपने परिवार और क्षेत्र, बल्कि पूरे राज्य और देश का नाम गौरवान्वित करेगी। कार्यक्रम के उपरांत राज्यपाल ने प्रतिभावान विद्यार्थियों के साथ भोजन किया तथा उनसे संवाद कर उनके सपनों, लक्ष्यों और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बने रिकॉर्ड पर झारखंड में भाजपा में जश्न का माहौल



**संवाददाता**

**रांची :** देश में सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बने रहने का रिकॉर्ड नरेंद्र मोदी के नाम दर्ज हो चुका है। पूरे देश की भांति झारखंड में भी जश्न और उत्साह का माहौल है। कार्यकताओं और नेताओं द्वारा जगह जगह पूजा अर्चना की गई।

**बाबूलाल मरांडी ने मुड़मा स्थित राजी पहाड़ा जतरा शक्ति खूंटा में की पूजा-अर्चना :** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस गौरवपूर्ण अवसर पर मुड़मा स्थित राजी पहाड़ा जतरा शक्ति खूंटा में पाहन एवं सरना समाज के सम्मानित लोगों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीघार्यु, उत्तम स्वास्थ्य एवं राष्ट्रहित में उनके सतत नेतृत्व के लिए पूजा-अर्चना कर मंगलकामनाएं की। उन्होंने राष्ट्र की प्रगति और जनकल्याण के पीएम के संकल्प को निरंतर शक्ति मिले, इसके लिए प्रार्थना भी की। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज देश के लोकतांत्रिक इतिहास में एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4,399 दिनों तक लगातार देश की सेवा कर एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। यह उपलब्धि देशवासियों के अटूट विश्वास, समर्पण और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

**कर्मवीर सिंह ने पहाड़ी मंदिर में किया जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना :** प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने पहाड़ी मंदिर में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा केंद्र सरकार के 12 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा कार्यकताओं के साथ भगवान भोलेनाथ का विधिविधान से जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना किया। इस शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु, यशस्वी जीवन एवं राष्ट्रसेवा के उनके अथक संकल्प की निरंतर सफलता के लिए प्रार्थना की गई।

कर्मवीर सिंह ने कहा कि देवाधिदेव महादेव प्रधानमंत्री को सदैव स्वस्थ, ऊजार्वान एवं जनकल्याण के कार्यों में निरंतर सफल बनाएं तथा उनके नेतृत्व में भारत विकसित, समृद्ध और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में नई ऊँचाइयों को प्राप्त करे।

प्रदीप वर्मा और अमर कुमार बाउरी ने बोकारो के मामरकोदर के शिव मंदिर में की पूजा-अर्चना वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप वर्मा द्वारा पार्टी के प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाउरी सहित पार्टी के अन्य कार्यकताओं के साथ बोकारो के मामरकोदर के शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर राष्ट्र की निरंतर उन्नति, समृद्धि एवं प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और यशस्वी नेतृत्व की मंगलकामना की गई।

**उन्होंने इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 12 गौरवशाली वर्ष राष्ट्रहित, जनकल्याण एवं विकसित भारत के संकल्प को समर्पित रहे हैं। इनका कार्यकाल जनसेवा का अद्वितीय अध्याय एवं राष्ट्रविश्वास का विराट संकल्प है।

## आदित्य साहू ने कारसेवक सुखदेव महतो के निधन पर जताया शोक

**रांची :** ओरमांझी प्रखंड के कमता गांव स्थित उनके आवास पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से भेंट करते हुए व्यक्त की अपनी गहरी संवेदना

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के समर्पित कारसेवक सुखदेव महतो के निधन के उपरांत उनके आवास पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से भेंट करते हुए अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। सुखदेव महतो रांची जिला अंतर्गत ओरमांझी प्रखंड के कमता गांव के निवासी थे। बताया जाता है कि वे लंबे समय से अस्वस्थ्य चल रहे थे। सुखदेव महतो अयोध्या के रामजन्मभूमि आंदोलन में जेल भी गए थे।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि स्वर्गीय सुखदेव महतो का राष्ट्र, समाज एवं सनातन संस्कृति के प्रति समर्पित जीवन सदैव प्रेरणास्रोत एवं अनुकरणीय रहेगा। इस दुःखद घड़ी में हम सभी शोक संतप्त परिवार के साथ खड़े हैं। प्रभु श्रीराम से उन्होंने दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा परिजनों को यह अपार दुःख सहन करने की शक्ति एवं संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सुनील उरांव सहित अन्य वरिष्ठ कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री आवास घेरने निकले झारखंड आंदोलनकारियों को पुलिस ने रोका

# 17 आंदोलनकारी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे

**संवाददाता**

**रांची :** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के बैनर तले बुधवार को बड़ी संख्या में आंदोलनकारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर राजधानी रांची की सड़कों पर उतर आए। आंदोलनकारियों ने पहचान, सम्मान, पेंशन तथा अन्य लंबित मांगों के समाधान की मांग करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास की ओर कूच करने का प्रयास किया, लेकिन प्रशासन ने उन्हें मोहराबादी क्षेत्र में ही रोक दिया।

प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन ने मुख्यमंत्री आवास और उसके आसपास के इलाकों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। मोहराबादी मैदान से मुख्यमंत्री आवास तक जाने वाले प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की निगरानी में पूरे क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी।

प्रशासन द्वारा रोके जाने के बाद आंदोलनकारी मोहराबादी क्षेत्र में ही धरना-प्रदर्शन करते रहे और अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। मौके पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस और सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी।

सुरक्षा व्यवस्था के तहत रैपिड एक्शन फोर्स, झारखंड सशस्त्र पुलिस (जैप), एसआईआरबी सहित विभिन्न बलों की कई टुकड़ियां तैनात की गई थीं। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए फायर ब्रिगेड, जल टैंकर, विशेष वाहन और आंसू गैस दस्ता भी तैयार रखा गया था। प्रशासन का कहना है कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और पूरे घटनाक्रम पर लगातार नजर रखी जा रही है।

इस दौरान झारखंड आंदोलनकारी नेता पुष्कर महतो ने सरकार और प्रशासन पर आंदोलनकारियों की उपेक्षा का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में आंदोलनकारी मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम में शामिल होने रांची पहुंचे थे, लेकिन कई स्थानों पर उन्हें रोक दिया गया। उनका आरोप है कि कुछ आंदोलनकारियों को हिरासत में भी लिया गया, जो लोकतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन है।

पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड राज्य के गठन के लिए आंदोलनकारियों ने लंबा संघर्ष किया, जेल यात्राएं कीं, लाठीचार्ज झेला और कई लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी। इसके बावजूद आज उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है और उन्हें अपनी बात रखने का अवसर भी नहीं दिया जा रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आंदोलनकारियों की समस्याओं के समाधान के बजाय उनकी आवाज दबाने का प्रयास कर रही है।

आंदोलनकारी नेता ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक पहल नहीं की, तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि आंदोलन के समर्थन में 17 आंदोलनकारी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। भूख हड़ताल पर बैठे किसी भी आंदोलनकारी की तबीयत बिगड़ने या किसी प्रकार की अनहोनी होने पर इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी। आंदोलनकारियों ने स्पष्ट किया कि उनकी मांगों पर ठोस निर्णय होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

### डीएवी में जोन -जी में शिक्षक क्षमता संवर्धन कार्यशाला

## शिक्षक क्षमता संवर्धन कार्यशाला में नवीन शिक्षण तकनीकों पर जोर

**रांची :** डीएवी सीएई एवं डीएवी सीएमसी, नई दिल्ली के तत्वावधान में डीएवी पब्लिक स्कूल जोन ह्यजीह्ल में आयोजित त्रिदिवसीय ह्यशिक्षक क्षमता संवर्धन कार्यशालाह्ल का दूसरा दिन भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिक्षकों के व्यावसायिक विकास तथा शिक्षण कौशल को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यशाला के अंतर्गत सभी विषयों के सत्र विभागवार अलग-अलग कक्षों में आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना एवं मंगलाचरण के साथ हुई। इसके बाद विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने नवीन शिक्षण पद्धतियों, क्षमता-आधारित शिक्षा, कक्षा प्रबंधन तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी।

प्रशिक्षकों ने शिक्षकों को गतिविधि-आधारित शिक्षण, समूह चर्चा की प्रभावी तकनीकों तथा आधुनिक तकनीकी संसाधनों के बेहतर उपयोग के संबंध में भी प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यशाला के दौरान शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए और शिक्षण प्रक्रिया में आने वाली चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया।

विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए व्यावहारिक सुझाव दिए, जिससे शिक्षकों को अपने शिक्षण कार्य को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायता मिलेगी। दूसरे दिन के सभी सत्रों में प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।

आयोजकों के अनुसार यह कार्यशाला शिक्षकों के ज्ञान, कौशल और आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रही है।

# हरमू नदी में उतरी अत्याधुनिक ड्रेन मास्टर मशीन, जलाशयों की सफाई को मिलेगी नई रफ्तार

**रांची :** रांची नगर निगम ने शहर के जलाशयों, नदियों, नालों और तालाबों की सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसी कड़ी में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के सीएसआर मद से खरीदी गई अत्याधुनिक एम्फीबियस ड्रेन मास्टर मशीन का मंगलवार को माननीया महापौर श्रीमती रौशनी खलखो एवं उप महापौर श्री नीरज कुमार ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद मशीन को हरमू नदी में उतारकर सफाई कार्य शुरू किया गया।




इस अवसर पर महापौर रौशनी खलखो ने कहा कि आगामी मॉनसून को देखते हुए नगर निगम द्वारा शहर के सभी नदी-नालों एवं जलाशयों की व्यापक सफाई कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि यह अत्याधुनिक मशीन नदी में जमे गाद, कचरे और अन्य अपशिष्टों को प्रभावी ढंग से हटाने में सक्षम है। इससे जल निकासी व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकेगा तथा जल-जमाव की समस्या को कम करने में मदद मिलेगी।

उप महापौर नीरज कुमार ने कहा कि एम्फीबियस ड्रेन मास्टर मशीन की विशेषता यह है कि यह जल और स्थल दोनों परिस्थितियों में कार्य कर सकती है। बरसात के मौसम में भी यह नदी और अन्य जलाशयों में तैरते हुए सफाई कार्य करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से शहर के जल स्रोतों के संरक्षण और स्वच्छता को नई मजबूती मिलेगी।

नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार जलाशयों की बढ़ती सफाई आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इस मशीन की खरीद की गई है। लगभग 1.50 करोड़ रुपये की लागत वाली यह मशीन दो टन तक अपशिष्ट संग्रह करने की क्षमता रखती है। साथ ही यह गहराई में जमे गाद और कचरे को निकालने में सक्षम है। मशीन में 360 डिग्री घूमने वाली बीम प्रणाली लगी है, जिससे सफाई कार्य अधिक प्रभावी और सुगम हो जाता है।

नगर निगम का मानना है कि इस मशीन के संचालन से शहर के जलाशयों की सफाई व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार आएगा और मॉनसून के दौरान जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में मदद मिलेगी।

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़**

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं० :–*RDSD/RAMGARH/03/2026-27*
1.कार्य की विस्तृत विवरणी :– DMFT मद अन्तर्गत।

| क्र | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | RDSD/RGH/03/ 2026-27 | Gola | Gola Vender Market Development Scheme for Promotion of Local Livelihoods (Phase-I) | 8359800 | 168000 | 10000 | 04 (चार) माह |

2.वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 15.06.2026
3.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 15.06.2026 से 22.06.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4.ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
5.ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 24.06..2026 अपराह्न 02:00 बजे।
6.ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
7.ई निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० :– 7488152930
8.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित संवेदक की होगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट *Jharkhandtenders.gov.in* एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,रामगढ़

PR 382021 Rural Work Department(26-27).D

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## वातानुकूलित कमरे में बैठकर क्रान्ति की कड़वी बातें

राजनीति की डगर उबड़-खाबड़ होती है, पथरीली होती है। चिलचिलाती धूप में चलना होता है। सड़क पर विरोध-प्रदर्शन करना होता है। नारेबाजी करनी होती है, जेल जाना होता है और जरूरत पड़ने पर पुलिस की लाठियां भी खानी पड़ती है। वातानुकूलित कमरों में बैठकर तो सिर्फ मीठी-मीठी बातें होती है। क्या आपको लगता है कि देश के सियासी दल खासकर विपक्ष के दल सड़क पर उतरने की हालत में हैं? मुझे तो ऐसा नहीं लगता। लगभग दो साल बाद विपक्षी दलों के गठबंधन (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्ल्यूसिव अलायंस) की बैठक नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में हुई, जिसमें पांच मुद्दों पर सहमति की बात कही गई। बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बताया कि इंडिया गठबंधन के नेता मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), वोटर लिस्ट में हेरफेर और चुनाव की निष्पक्षता पर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को चिट्ठी लिखेंगे। इसके अलावा बैठक में शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की गई। देश में आर्थिक स्थिति की बदहाली, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई और किसानों के मसले पर सर्वदलीय बैठक बुलाने की सरकार से मांग की गई। अब इसका विश्लेषण करते हैं। एसआईआर को लेकर पहले भी विपक्ष के कई दल सुप्रीम कोर्ट जा चुके हैं और मुंह की खाकर लौटे हैं। अब सीजेआई को पत्र लिखने से क्या नया हो जाएगा? नीट पेपर लीक और सीबीएसई 12वीं बोर्ड की नई ऑनस्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) को लेकर राहुल गांधी लंबे समय से शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। अभी तक इस्तीफा नहीं मिला। मिलने की उम्मीद भी कम है क्योंकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 2015 में ही स्पष्ट कर चुके हैं कि यह सरकार इस्तीफा देने वाली नहीं है। तबसे सरकार उसी लकीर पर चल रही है। बीच में कई मामले आए, चाहे वह तत्कालीन गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी का मामला हो, मंत्री कौशल किशोर का हो, बंदी संजय का हो, ब्रजभूषण शरण सिंह का हो अथवा हरदीप पुरी का हो, पिछले 12 वर्षों में एमजे अकबर के अलावा किसी ने इस्तीफा नहीं दिया है। अकबर का मामला भी अपवाद कहा जा सकता है क्योंकि प्रधानमंत्री ने उनसे इस्तीफा नहीं मांगा था। मीटू में नाम आ जाने और चरित्र हनन से आजिज आकर उन्होंने खुद ही पद छोड़ दिया था। अब बात सर्वदलीय बैठक बुलाने की करते हैं। अगर विपक्ष के पास देश की बदहाल आर्थिक स्थिति से निकलने, महंगाई पर अंकुश लगाने, बेरोजगारी दूर करने और किसानों की आय बढ़ाने का कोई रोडमैप है, तो उसे जनता को बताना चाहिए। हो सकता है सरकार भी उससे सीख लेती। फिर क्या सरकार इन मुद्दों के प्रति गंभीर नहीं है? कृषि मंत्री संसद के पिछले सत्र में ही कह चुके हैं कि सरकार के प्रयास से किसानों की आय दोगुनी हुई है। तब संसद में बैठे विपक्ष के लोग क्या कर रहे थे। यह अलग बात है कि किसान अपनी बदहाली और बढ़ते कर्ज के कारण आत्महत्या कर रहे हैं।

विपक्षी गठबंधन की बैठक में यह भी तय किया गया कि गठबंधन के नेता हर दूसरे महीने मिलते-बैठक करते रहेंगे और मानसून सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष के कार्यालय में रोज बैठक करेंगे। करिए, किसने रोका है? लेकिन इससे क्या हो जाएगा? देश में विपक्षी गठबंधन के नेताओं के पास सरकार के विरोध का कोई रोडमैप नहीं है। जिन क्षेत्रीय दलों के सहयोग से कांग्रेस राजनीतिक लड़ाई का व्यूह रचना चाहती है, उनका वजूद कांग्रेस के पुराने वोटरों से ही तो है। क्या वे अपना वोटबैंक कांग्रेस के लिए कुर्बान करेंगे? फिर क्या विपक्षी गठबंधन के किसी नेता ने कभी सड़क पर उतरने और जेल भरो आंदोलन करने कोशिश की है? नहीं। आज के नेता चाहे राहुल गांधी हों या अखिलेश यादव, तेजस्वी हों या कोई और, सभी सोशल मीडिया पर पोस्ट करके क्रान्ति करना चाहते हैं। नेताओं के इसी आरामतलब व्यवहार के चलते निष्ठावान कार्यकर्ता घर बैठ गए हैं। सभाओं में किराये की भीड़ जुटाई जाती है। यही कटु सत्य है। याद कीजिए, 1974 में विपक्ष के नेताओं ने जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में लामबंद होकर आंदोलन किया था। सड़कों पर उतरे थे, पुलिस की लाठियां खायी थीं और जेल गए थे। तब कहीं इंदिरा गांधी की सरकार से मुक्ति मिली थी। विपक्षी गठबंधन की एकता सिर्फ नेताओं में है, वह भी दिखावे के लिए है। कार्यकर्ता आज भी एक-दूसरे को निपटाने में ही मशगूल हैं। चुनाव में टिकट वितरण के दौरान विपक्षी गठबंधन के राज्यस्तरीय नेताओं की कटुता चरम पर होती है। हमने देखा कि विधानसभा चुनावों के दौरान सीट बंटवारे में इन्होंने एक-दूसरे पर क्या-क्या आरोप लगाये थे। कई जगहों पर फ्रेंडली फाइट करते दिखाई देते हैं और हार जाने के बाद बैठकर रुदाली करते हैं। देश ने देखा कि महाराष्ट्र में कैसे उद्धव ठाकरे और शरद पवार का उनके अपनों ने ही बिस्तर गोल कर दिया। अब पश्चिम बंगाल में भी यही हो रहा है। बिहार की हालत किसी से छिपी नहीं है। सबकुछ गंवाकर लालू परिवार अब सरकारी बंगले और व्यक्तिगत सुरक्षा पर कैसे हाय-तौबा कर रहा है। इनकी प्राथमिकता में जनता कहीं है ही नहीं। हाल का उदाहारण मध्य प्रदेश की राज्यसभा सीट को ले सकते हैं। कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन सूचना छिपाने के कारण रद्द हो जाने पर सिर्फ कांग्रेसी ही हो-हल्ला कर रहे हैं। बाकी विपक्ष खामोश है। ऐसे में आगे विपक्षी गठबंधन कौन-सी क्रान्ति कर लेगा, समझा जा सकता है।

# बदलाव की बयार: केंद्र-राज्य समन्वय और बिहार की नई विकास गाथा

> इसके पीछे केंद्र और राज्य सरकार के बीच बेहतर समन्वय, बुनियादी ढाँचे में निवेश, ग्रामीण विकास योजनाओं का विस्तार और कृषि को नई दृष्टि से देखने का प्रयास शामिल है। बिहार की कहानी को समझने के लिए सबसे पहले गाँवों को समझना होगा क्योंकि राज्य की बड़ी आबादी खेती-किसानी पर निर्भर है।

**डॉ. मीना कुमारी**

कभी बिहार की पहचान देश के सबसे पिछड़े राज्यों में की जाती थी। बिहार का नाम अक्सर समस्याओं, पलायन और गरीबी के संदर्भ में लिया जाता था। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में एक नया बिहार आकार लेता दिखाई दे रहा है। यह बदलाव रातोंरात नहीं आया है और न ही केवल किसी एक सरकार या व्यक्ति का परिणाम है। इसके पीछे केंद्र और राज्य सरकार के बीच बेहतर समन्वय, बुनियादी ढाँचे में निवेश, ग्रामीण विकास योजनाओं का विस्तार और कृषि को नई दृष्टि से देखने का प्रयास शामिल है। बिहार की कहानी को समझने के लिए सबसे पहले गाँवों को समझना होगा क्योंकि राज्य की बड़ी आबादी खेती-किसानी पर निर्भर है। इसलिए बिहार में विकास का वास्तविक अर्थ तभी है जब उसका लाभ किसान और ग्रामीण समाज तक पहुँचे। पिछले एक दशक में बिहार के ग्रामीण परिदृश्य में सबसे बड़ा बदलाव सड़क, बिजली और जलापूर्ति के क्षेत्र में दिखाई देता है। जिन गाँवों तक कभी पहुँचना कठिन था, वहाँ आज सड़कें हैं। जहाँ बिजली कभी मेहमान की तरह आती थी, वहाँ अब अपेक्षाकृत नियमित आपूर्ति संभव हुई है। घर-घर नल का जल, ग्रामीण आवास और स्वच्छता जैसी योजनाओं ने जीवन की बुनियादी गुणवत्ता को बदलने का काम किया है। इन परिवर्तनों का प्रभाव खेती पर भी पड़ा है। सड़कें बेहतर हुईं तो किसान की उपज बाजार तक तेजी से पहुँचने लगी। बिजली की उपलब्धता बढ़ी तो सिंचाई और कृषि आधारित छोटे उद्योगों को सुविधा मिली। डिजिटल कनेक्टिविटी बढ़ी तो किसान तक मौसम, बाजार और सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुँचना आसान हुआ।



मैप प्रतीकात्मक है

केंद्र सरकार की योजनाओं ने इस बदलाव को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, ग्रामीण सड़क योजना और जल जीवन मिशन जैसी पहलों ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आधार प्रदान किया। वहीं, राज्य सरकार ने कृषि रोडमैप, सिंचाई, ग्रामीण अवसंरचना और स्थानीय स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन के माध्यम से इन प्रयासों को जमीन पर उतारने का कार्य किया।

बिहार की कृषि केवल धान और गेहूँ तक सीमित नहीं है। मक्का, फल, सब्जियाँ, दुग्ध उत्पादन और मत्स्य पालन जैसे क्षेत्रों में राज्य की बड़ी संभावनाएँ हैं। आज बिहार देश के प्रमुख मक्का उत्पादक राज्यों में गिना जाता है। सब्जी उत्पादन में भी उसकी महत्वपूर्ण हिस्सेदारी है। यदि इन क्षेत्रों को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, कोल्ड स्टोरेज और बेहतर बाजार व्यवस्था से जोड़ा जाए, तो बिहार ग्रामीण समृद्धि का नया मॉडल प्रस्तुत कर सकता है।

यहीं पर नेतृत्व की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। बिहार में अब विकास की राजनीति को केवल घोषणाओं से आगे बढ़ाकर परिणामों से जोड़ने की आवश्यकता है। सम्राट चौधरी जैसे नेताओं की राजनीति का मूल्यांकन भी इसी कसौटी पर होगा कि वे किसान, युवा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को किस प्रकार विकास के केंद्र में रखते हैं।

आज बिहार का युवा केवल सरकारी नौकरी नहीं बल्कि अवसर चाहता है। वह अपने राज्य में उद्योग, कृषि-आधारित रोजगार और उद्यमिता के नए रास्ते देखना चाहता है। यदि कृषि को प्रसंस्करण, भंडारण, लॉजिस्टिक्स और निर्यात से जोड़ा जाए तो लाखों नए रोजगार पैदा किए जा सकते हैं। यह बिहार के पलायन की समस्या का भी एक स्थायी समाधान हो सकता है।हालाँकि चुनौतियाँ अभी भी कम नहीं हैं। प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से कम है। औद्योगीकरण की गति को और तेज करने की आवश्यकता है। बाढ़ और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियाँ भी कृषि पर प्रभाव डालती हैं। लेकिन इन चुनौतियों के बावजूद यह स्वीकार करना होगा कि बिहार अब केवल समस्याओं की कहानी नहीं है।

वास्तव में बिहार की नई कहानी सहयोग की कहानी है- केंद्र और राज्य के सहयोग की, योजनाओं और क्रियान्वयन के समन्वय की और सबसे बढ़कर उस किसान की मेहनत की जिसने हर कठिन परिस्थिति में उत्पादन और आशा दोनों को जीवित रखा। बिहार का भविष्य केवल महानगरों में नहीं लिखा जाएगा। वह खेतों की मेड़ों, ग्रामीण सड़कों, सिंचाई नहरों, किसान उत्पादक समूहों और गाँवों की नई आकांक्षाओं में लिखा जाएगा। यदि केंद्र और राज्य का यह सहयोग इसी प्रकार जारी रहता है और कृषि को विकास की धुरी बनाया जाता है तो आने वाले वर्षों में बिहार केवल विकास के आँकड़ों में नहीं, बल्कि ग्रामीण समृद्धि के मॉडल के रूप में भी देश के सामने खड़ा हो सकता है। बिहार की सबसे बड़ी ताकत उसकी जनसंख्या नहीं, उसकी जीवंत ग्रामीण ऊर्जा है। जब सरकार की नीतियाँ उस ऊर्जा के साथ जुड़ती हैं, तब विकास केवल रिपोर्टों में नहीं, लोगों के जीवन में दिखाई देता है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा नये भारत के निर्माण का स्वर्णिम अध्याय

> नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 में जब प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी, तब देश की जनता ने केवल एक सरकार नहीं चुनी थी बल्कि शासन की एक नई कार्यशैली और राजनीतिक संस्कृति की अपेक्षा भी व्यक्त की थी। बारह वर्षों बाद इस यात्रा को केवल योजनाओं, आंकड़ों और उपलब्धियों के आधार पर नहीं बल्कि उस व्यापक दृष्टिकोण के आधार पर समझना अधिक उचित होगा, जिसने शासन की सोच को प्रभावित किया।

**डॉ. मोहन यादव**

भारत के इतिहास में नरेन्द्र मोदी का लगातार 3 बार प्रधानमंत्री बनना देश के लिये महत्वपूर्ण उपलब्धि है। नरेन्द्र मोदी की कार्यप्रणाली, सभी को साथ लेकर चलना और देश को सुरक्षा देने के साथ आर्थिक रूप से मजबूत बनाना ही उनकी विशेषता रही है। उनकी इन्हीं खूबियों ने नये भारत के निर्माण का स्वर्णिम अध्याय लिखा है।

नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 में जब प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी, तब देश की जनता ने केवल एक सरकार नहीं चुनी थी बल्कि शासन की एक नई कार्यशैली और राजनीतिक संस्कृति की अपेक्षा भी व्यक्त की थी। बारह वर्षों बाद इस यात्रा को केवल योजनाओं, आंकड़ों और उपलब्धियों के आधार पर नहीं बल्कि उस व्यापक दृष्टिकोण के आधार पर समझना अधिक उचित होगा, जिसने शासन की सोच को प्रभावित किया। यदि इन बारह वर्षों को तीन शब्दों में समेटना हो, तो वे शब्द होंगे– सेवा, सुशासन और संकल्प।

प्रधानमंत्री की सोच में सेवा का अर्थ केवल कल्याणकारी योजनाएं चलाना नहीं रहा बल्कि सेवा का अर्थ शासन स्वयं को जनता का संरक्षक और सेवक के रूप में हैं। इस दृष्टि से पिछले बारह वर्षों में शासन की प्राथमिकताओं में अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने की उन्होंने चिंता की है। गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग को केवल वोट बैंक के रूप में नहीं, बल्कि विकास प्रक्रिया को केंद्र में रखने की कोशिश की जो सफलता के शिखर तक जा पहुंची। यही सोच पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद में भी दिखाई देती है। मोदीजी की सरकार ने बार-बार यह संदेश दिया है कि विकास का वास्तविक अर्थ तब है, जब उसका लाभ समाज के सबसे कमजोर व्यक्ति तक पहुंचे।

प्रधानमंत्री की प्रमुखता में सुशासन एक प्रमुख केन्द्र बना। सुशासन का अर्थ सरकार को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और प्रभावी बनाना है। डिजिटल तकनीक का उपयोग इसी दर्शन का हिस्सा था। तकनीक को केवल आधुनिकता का प्रतीक नहीं, बल्कि सुशासन का माध्यम माना गया। शासन और नागरिक के बीच की दूरी कम करने, प्रक्रियाओं को सरल बनाने तथा निर्णयों को अधिक पारदर्शी बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किये गये जो लगातार जारी हैं। इसका मूल ध्येय यह है कि आम नागरिक को सरल और सहज तरीके से उसके अधिकार मिलें और योजनाओं का लाभ सहजता से मिल सके।

मुझे यह बताते हुये खुशी है कि मोदी देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो लोकतंत्र में संवाद को आवश्यक मानते हैं। उनका समय-समय पर अलग-अलग वर्गों से सीधा संवाद करना और उन्हें मार्गदर्शन देना अद्भुत है। वे युवाओं के लिये अभिभावक की भूमिका भी निभाते हैं। छात्र-छात्राओं को परीक्षा के समय आत्म मजबूत करने के लिये परीक्षा पर चर्चा जैसे विषयों पर उनका संवाद लगातार जारी रहता है। इसी क्रम में उनकी मन की बात कार्यक्रम को पूरा देश बड़े आत्मीय तरीके से आत्मसात करता है। यही प्रधानमंत्री की विशेषता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार की कार्यशैली में यह स्पष्ट दिखाई दिया देता है कि बड़े निर्णयों से बचने के बजाय उन्हें समाधान तक कैसे पहुंचाया जाए? दरअसल, इसे ही निर्णायक नेतृत्व कहते हैं। यह निर्विवाद है कि निर्णय लेने की क्षमता इस शासनकाल की प्रमुख पहचान रही है।

इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक में मोदी सरकार ने विकसित भारत को राष्ट्रीय संकल्प के रूप में प्रस्तुत किया। यह संकल्प केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं है। इसके भीतर आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय गौरव की भावना भी जुड़ी हुई है। पिछले बारह वर्षों में बार-बार यह संदेश दिया गया कि भारत को केवल विकासशील राष्ट्र के रूप में संतुष्ट नहीं होना चाहिए, बल्कि उसे विश्व की अग्रणी शक्तियों में स्थान प्राप्त करना चाहिए। यह दृष्टिकोण भारतीय समाज में एक नए आत्मविश्वास का निर्माण करता है।

प्रधानमंत्री से प्रेरणा लेकर हमने भी विकसित मध्य प्रदेश का सपना देखा। यह बताते हुए मन भाव-विभोर है कि मोदी का हर कदम पर हर निर्णय पर मार्गदर्शन, स्नेह और आशीर्वाद मिला। चाहे वर्षों से लंबित केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना हो या पीएम मित्र पार्क, उन्होंने आगे बढकर परेशानियों को दूर किया। उनके जैसा नेतृत्व दुर्लभ है। हाल ही में देश के सात राज्यों में पीएम मित्र पार्क बनाने का निर्णय हुआ, तो उस सूची में मध्य प्रदेश को भी रखा गया। यह अति प्रसन्नता का विषय है कि अब तक सिर्फ मध्य प्रदेश में ही पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन हुआ है और यह गौरव का विषय रहा कि धार में पार्क के भूमिपूजन में प्रधानमंत्री शामिल हुए। यह सब मध्य प्रदेश से उनके विशेष लगाव का परिणाम ही है।

प्रदेश में साइबर तहसील का सफल क्रियान्वयन हो या भोपाल और इंदौर में मेट्रो रेल, सब प्रधानमंत्री के स्नेह -आशीर्वाद -मार्गदर्शन का ही परिणाम है। आज प्रदेश में नौ एयरपोर्ट हैं, तो इसके पीछे भी उनका ही मार्गदर्शन है। आज हमारा मध्य प्रदेश नक्सल मुक्त है, तो इसके पीछे उनका ही दिशा-निर्देश है। उन्होंने समय- समय पर समझाया, तो चेताया भी। उन्होंने कहा कि गोली का जवाब गोली से दो पर जो लोग बंदूक-हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौट रहे हैं, उनके लिए बेहतर से बेहतर पुनर्वास की व्यवस्था भी हो। उनकी सलाह-चेतावनी का ही सुफल है कि आज मध्य प्रदेश लाल सलाम को आखिरी सलाम कह चुका है।

प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में ही मध्य प्रदेश में उद्योगों का जाल बिछ रहा है, लाखों करोड़ का निवेश हो रहा है। फरवरी 2025 में भोपाल में आयोजित ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में शामिल होना, उनका विशेष स्नेह ही तो दर्शाता है। उन्होंने हमें संवेदना की सीख दी है। उनकी सीख ही थी कि हमने अपने शुरूआती निर्णयों में ही इंदौर के हुकुमचंद मिल के कामगारों को उनका बकाया अधिकार दिलवाने में सफलता हासिल की। कामगारों को चेक सौंपने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को प्रधानमंत्री ने वर्चुअली संबोधित भी किया था।

मध्य प्रदेश के सभी 55 जिलों में अग्रणी सरकारी कालेजों को प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करना हो या हाइवे का विकास हो, हर मोर्चे पर प्रधानमंत्री ने आगे बढ़कर रूचि दिखाई, मार्गदर्शन-मदद और स्नेह देते रहे। मोदीजी के कार्यकाल की एक महत्वपूर्ण विशेषता सांस्कृतिक चेतना का पुनर्रूत्थान भी है। स्वतंत्रता के बाद भारत ने आधुनिकता को अपनाया, लेकिन अपनी सांस्कृतिक पहचान को लेकर संकोच दिखाई दिया।

पिछले बारह वर्षों में भारतीयता, विरासत और सभ्यता पर गर्व करने का भाव अधिक मुखर होकर सामने आया है। यह विचार केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत की हजारों वर्षों पुरानी सांस्कृतिक यात्रा को आधुनिक राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का प्रयास भी है। अयोध्या में राममंदिर का निर्माण हो, काशी का पुनर्विकास हो या विश्व मंचों पर भारतीय परंपराओं और योग का प्रचार- इन सभी के पीछे सांस्कृतिक आत्मविश्वास का वही भाव दिखाई देता है। उनसे प्रेरणा प्राप्तकर मध्यप्रदेश भी अपनी विरासत को संजो रहा है। किसी भी राष्ट्र की शक्ति केवल उसकी अर्थव्यवस्था या सेना में नहीं होती। उसकी शक्ति उसके आत्मविश्वास में भी होती है। इस दृष्टि से सांस्कृतिक पुनर्जागरण मोदीजी के कार्यकाल की एक महत्वपूर्ण विशेषता है।

# एकादशी व्रत में भूलकर भी न करें ये 5 गलतियां

हिंदू धर्म में सभी तिथियों में एकादशी तिथि का विशेष महत्व माना जाता है। एकादशी तिथि जगत के पालनहार भगवान विष्णु को समर्पित है। एकादशी को किया गया व्रत, जप, तप व ध्यान का विशेष महत्व होता है। धार्मिक शास्त्रों को मुताबिक एकादशी का व्रत करने से सांसारिक जीवन की सभी समस्याओं से मुक्ति मिलती है। वहीं इस व्रत के प्रभाव से जातक जीवन-मृत्यु के चक्र से मुक्त हो जाता है और अंत में बैकुंठ धाम को प्राप्त करता है। धार्मिक ग्रंथों के मुताबिक एकादशी तिथि पर कुछ कार्यों को करने से बचना चाहिए। अगर आप इस तिथि को कोई वर्जित कार्य करते हैं, तो आपको कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि एकादशी तिथि को कौन से कार्य भूलकर भी नहीं करना चाहिए।

**एकादशी तिथि पर न करें ये काम**



एकादशी तिथि को रात में नहीं सोना चाहिए। क्योंकि यह तिथि पुण्यदायी होती है और इस रात भगवान विष्णु के भजन गाने चाहिए, मंत्र या आरती सुननी चाहिए। भगवान विष्णु की प्रतिमा के सामने बैठकर पूरी रात जागकर आदि करना चाहिए। ऐसा करने से भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है। एकादशी तिथि को भूलकर भी चावल का सेवन नहीं करना चाहिए। एकादशी के दिन चावल खाने वाला व्यक्ति अगले जन्म में रेंगने वाली योनि में जन्म लेता है। वहीं अगर आप द्वादशी तिथि को चावल खाते हैं, तो आपको इस योनि से मुक्ति मिल जाती है। इस पावन तिथि को दातुन या मंजन करना वर्जित माना गया है। वहीं इस दिन क्रोध करना, चुगली करना, झूठ बोलना और दूसरों की बुराई करना आदि चीजों से बचना चाहिए। ऐसे लोगों को परिवार बल्कि पूरे समाज में सम्मान नहीं मिलता है और पाप के भागी बनते हैं। एकादशी तिथि को तुलसी के पत्ते नहीं तोड़ने चाहिए। शास्त्रों में इसको वर्जित माना गया है। वहीं द्वादशी तिथि को जब पारण करें, तो तुलसी के पत्ते से ही करना चाहिए। लेकिन एकादशी तिथि को तुलसी की पत्ती नहीं तोड़ना चाहिए।

एकादशी तिथि को चना दाल, उड़द दाल, गोभी, मसूर दाल, गाजर, शलजम, पालक का साग आदि का सेवन नहीं करना चाहिए। वहीं इस दिन शारीरिक और मानसिक रूप से किए जाने वाले बुरे कर्मों से बचना चाहिए। एकादशी तिथि के दिन चोरी करना, हिंसा करना, पान खाना, मैथुन, क्रोध करना, स्त्रीगमन और कपट आदि चीजों से बचना चाहिए। वहीं अगर इस तिथि पर कोई गलती हो जाए, तो आपको उसके लिए माफी मांगनी चाहिए।

## टिप्स

### लगातार थकान और भूलने की आदत सिर्फ स्ट्रेट नहीं, ब्रेन ट्यूमर का हो सकता है

भागदौड़ भारी जिंदगी में क्या आप भी रोजाना थकान महसूस करते हैं। बातों को भूल जाना या मेंटली ड्रेन फील होना। लंबे समय तक काम करना, स्क्रीन का लगातार इस्तेमाल, नींद पूरी न होना और हर वक्त का तनाव इन सभी कारणों को हम सभी नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन कई बार लोग इन संकेतों को स्ट्रेस या बर्नआउट समझ लेते हैं, लेकिन हर बार ऐसा होना जरुरी नहीं है। इस तरह के संकेत तनाव नहीं, इसके पीछे गंभीर बीमारी भी हो सकती है। यह ब्रेन ट्यूमर के लक्षण भी हो सकते हैं। आमतौर पर लोग सोचते हैं कि ब्रेन ट्यूमर होने पर सिर्फ दौरे पड़ना या दिमाग से जुड़ी कोई बहुत बड़ी और गंभीर समस्या ही सामने आती है, सच तो यह है कि इसके शुरूआती लक्षण काफी आम और सामान्य होते हैं, जिन्हें लोग नजरअंदाज कर देते हैं। इन संकेतों को समझना जरुरी है।

**रोज की थकान नॉर्मल नहीं** : वैसे रोजमर्रा की जिंदगी में थकान फील होना नॉर्मल है। हालांकि, हर समय आप थकान को महसूस करते हैं तो यह सही नहीं है। कई बार लोगों को लगता है कि ऐसा ज्यादा काम करने के कारण हो रहा है और वो थोड़ा आराम करेंगे तो ठीक हो जाएंगे, लेकिन यह जरुरी नहीं है। यदि आपकी पूरी नींद और आराम के बाद भी थकान फील होती है और इसका असर आपकी रोज की लाइफ पर हो रहा है, तो यह ठीक नहीं है।

**बार-बार सिरदर्द होना** : आज के समय में सिरदर्द की समस्या काफी आम हो चुकी है। ऐसे कई लोग हैं, जो हर दूसरे दिन सिरदर्द से परेशान रहते है, लेकिन वे इस पर ध्यान नहीं देते हैं। जिससे कमजोरी, कभी थकान तो कभी जुकाम की वजह से होने वाला सिरदर्द को मान लेते हैं। यदि सिरदर्द के साथ उल्टी महसूस हो, जी मिचलाए या सिर के अंदर दबाव फील हो, तो यह तनाव के कारण होने वाला सिरदर्द बिल्कुल नहीं है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# प्रेमिका ने जब शादी का बनाया दबाव, तो प्रेमी ने किया ये काम, चार महीने बाद खुला राज

**संवाददाता**




**दुमका:** मसानजोर डैम में इस वर्ष होली के दिन (4 मार्च की सुबह) 19 वर्षीय रीना कुमारी का शव बरामद किया गया था। स्थानीय पुलिस ने तुरंत मामले की जांच शुरू की और इसे हत्याकांड मानते हुए छानबीन में जुट गई।

पुलिस ने बुधवार को इस हत्याकांड की गुत्थी सुलझा ली। मृतका के प्रेमी केतन कुमार मंडल को देवघर जिले के सारठ थाना क्षेत्र के जमुआसोल से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार, दोनों के बीच एक साल से प्रेम संबंध चल रहा था। रीना शादी का दबाव बना रही थी, जिसे केतन सहन नहीं कर सका। शादी से इनकार करने के बाद उसने रीना को रास्ते से हटाने की योजना बना ली।

दुमका के मसानजोर थाना क्षेत्र के रहने वाली रीना कुमारी और केतन कुमार मंडल दोनों स्थानीय एस.पी. कॉलेज में पढ़ते थे। दोस्ती धीरे-धीरे प्रेम में बदल गई। 28 मार्च को केतन रीना को घुमाने के बहाने मयूराक्षी नदी के किनारे ले गया। वहां उसने रीना को एक बड़े पत्थर पर बैठने को कहा ताकि तस्वीर अच्छी आए। जब रीना पत्थर पर बैठी, तो केतन ने पीछे से धक्का दे दिया। इससे वह नदी में गिर गई और उसकी मौत हो गई। शव बरामद होने के बाद रीना के परिजनों ने बताया कि वह लगातार केतन नाम के लड़के से बातें करती थी। पुलिस ने मोबाइल नंबर के आधार पर केतन के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया। आरोपी लगातार पुलिस को चकमा दे रहा था। दुमका पुलिस की टीम ने मोबाइल लोकेशन, अन्य तकनीकी साक्ष्यों और सूचना के आधार पर केतन को ट्रैक किया। गिरफ्तारी के समय उसके पास से रीना कुमारी की बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड, पैन कार्ड और आधार कार्ड बरामद किए गए।

दुमका के एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तकनीकी मदद और निरंतर निगरानी से आरोपी

# तिलक लगाने से होते हैं अनेक फायदे : मुनि श्री भाव सागर जी महाराज

**संवाददाता**

**हजारीबाग :** परम पूज्य आचार्य मुनि श्री भाव सागर जी महाराज के सान्निध्य में बुधवार को दिगंबर जैन बड़ा बाजार मंदिर में धर्म सभा का आयोजन किया गया। धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज ने बताया कि हम प्रत्येक क्रिया अच्छे ढंग से करेंगे तो हमारा जीवन अच्छा बनेगा, मुनि श्री भाव सागर जी महाराज ने कहा कि मस्तक के मध्य भाग पर, दोनों भौंहों के बीच लगाया जाने वाला चिह्न तिलक कहलाता है। इसे आज्ञा चक्र का स्थान माना गया है। यह शरीर का सबसे संवेदनशील ऊर्जा केंद्र है?

तिलक को पुण्य चिन्ह कहा जाता है। केसर-चंदन का तिलक शीतल होता है। यह याद दिलाता है कि मेरा स्वभाव शांत और अहिंसक रहे। मंदिर में अभिषेक पूजन से पहले तिलक लगाया जाता है। यह मन की शुद्धि का प्रतीक है। मुख्यतः केसर, चंदन, हल्दी का तिलक लगाया जाता है। मस्तक पर तिलक वही लगाए जो कषायों पर विजय पाने का भाव रखता हो। सुबह स्नान के बाद तिलक लगाने का नियम व्यक्ति को दिनचर्या में बांधता है। लाल या पीला तिलक देखकर सामने वाले के मन में भी शुभ भाव आते हैं।अनामिका उंगली से तिलक लगाना सबसे शुभ माना जाता है। अनामिका का संबंध सूर्य से है जो तेज देता है। तिलक हमेशा स्नान के बाद और पूजा से पहले लगाएं। तिलक केवल धर्म का चिह्न नहीं है। यह आयुर्वेद है, यह विज्ञान है और यह मनोविज्ञान भी है। धर्म हमें शीतलता और समता सिखाता है, विज्ञान हमें स्वास्थ्य का कारण बताता है। इसलिए हमारे पूर्वजों ने कहा तिलक बिना भाल, मस्तक नहीं विशाल ।रोज तिलक लगाइए। तन स्वस्थ रहेगा, मन प्रसन्न रहेगा और संस्कृति जीवित रहेगी। मीडिया हेड विजय जैन लुहाड़िया ने बताया कि मुनि श्री के आने से धर्म लाभ श्रावक को प्राप्त हो रहा है,नगर पवित्र हो गया है।

## 1 करोड़ 45 लाख की लागत से अनुमंडलीय अस्पताल का होगा उन्नयन, विधायक ने किया शिलान्यास

**संवाददाता**

**बरही :** विधायक मनोज कुमार यादव ने डीएमएफटी मद से अनुमंडलीय अस्पताल के उन्नयन कार्य का शिलान्यास किया। 1 करोड़ 45 लाख रुपये की लागत से बरही अनुमंडलीय अस्पताल को आधुनिक और संसाधनयुक्त बनाया जाएगा। विधायक ने शिलापट्ट का अनावरण किया और नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। शिलान्यास कार्यक्रम में अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और अस्पतालकर्मी शामिल थे।

**कार्यक्रम का महत्व**

विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि बरही अनुमंडलीय अस्पताल को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से सुसज्जित करने के लिए वे लगातार प्रयास कर रहे हैं। अस्पताल के विकास से जुड़े मामलों को उन्होंने विधानसभा में भी कई बार उठाया है। जिसका सकारात्मक परिणाम आज देखने को मिल रहा है। वह चाहते हैं कि सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध हों और हर विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सक मौजूद हों ताकि क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए बाहर न जाना पड़े। कहा कि दिशा की बैठक में भी अस्पताल को सुव्यवस्थित और सुविधायुक्त बनाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया है। कार्यक्रम का संचालन विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने किया। उन्होंने कहा कि विधायक मनोज यादव की प्राथमिकता है स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।

**स्थानीय नेताओं की भागीदारी**

जिला परिषद के उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि अस्पताल का उन्नयन क्षेत्र की जनता के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्नयन कार्य पूरा होने के बाद मरीजों और उनके परिजनों को काफी राहत मिलेगी। जिला परिषद सदस्य प्रीति कुमारी ने कहा कि अस्पताल संसाधनयुक्त होने से यहां के लोगों को काफी सुविधा मिलेगी।

# देवघर नगर निगम के सफाई कर्मचारी आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**संवाददाता**




देवघरः देवघर नगर निगम के करीब 500 सफाई कर्मचारियों ने 11 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का फैसला किया है। हड़ताल की घोषणा के बाद बुधवार देर शाम सफाई कर्मचारियों ने अपने संगठन के नेतृत्व में शहर में रैली निकाली और आंदोलन की रणनीति को अंतिम रूप दिया। कर्मचारियों ने स्पष्ट कहा है कि गुरुवार से कोई भी सफाईकर्मी शहर की साफ-सफाई के कार्य में शामिल नहीं होगा।

सफाई कर्मचारियों के नेता संजय मंडल ने बताया कि उनकी तीन प्रमुख मांगों को लेकर यह आंदोलन शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम में कार्यरत सफाई कर्मचारियों के कई वर्षों का भविष्य निधि (पीएफ) का बकाया भुगतान अब तक नहीं किया गया है। कर्मचारियों की पहली मांग लंबित पीएफ राशि का शीघ्र भुगतान है। दूसरी मांग प्रत्येक माह की 10 तारीख तक वेतन भुगतान सुनिश्चित करने की है।

संजय मंडल ने कहा कि निगम में कई बार कर्मचारियों को महीनों तक वेतन नहीं मिलता है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो जाता है। यदि हर माह निर्धारित समय पर वेतन का भुगतान किया जाए तो कर्मचारियों को काफी राहत मिलेगी। इसके अलावा कर्मचारियों ने दैनिक भत्ते में बढ़ोतरी की भी मांग की है।

संगठन का कहना है कि यदि निगम प्रशासन उनकी इन तीन प्रमुख मांगों को स्वीकार कर लेता है तो अनिश्चितकालीन हड़ताल वापस लेने पर विचार किया जाएगा। संजय मंडल ने निगम प्रशासन, मेयर, डिप्टी मेयर पर कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति उदासीन रवैया अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बार-बार मांग उठाने के बावजूद किसी स्तर पर ठोस पहल नहीं की गई। जिसके कारण कर्मचारियों को हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा।

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से शहरवासियों की परेशानी बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। प्रतिदिन शहर से बड़ी मात्रा में कचरे का उठाव और निष्पादन किया जाता है। ऐसे में सफाई कार्य ठप होने पर शहर के विभिन्न इलाकों में कचरे का अंबार लग सकता है। इधर, डिप्टी मेयर ने सफाई कर्मचारियों से हड़ताल वापस लेने की अपील करने की बात कही है।

उनका कहना है कि कर्मचारियों की समस्याएं नई नहीं हैं, बल्कि वर्षों पुरानी हैं। इनका समाधान निकालने के लिए निगम स्तर पर प्रयास किए जाएंगे। हालांकि इसमें कुछ समय लग सकता है। सफाई कर्मचारियों के हड़ताल से शहर की व्यवस्था पर कितना असर पड़ेगा और उनकी मांगों के समाधान के लिए नगर निगम प्रशासन क्या ठोस कदम उठाता है, यह आंदोलन के बाद ही पता चलेगा।

# बाल संरक्षण से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा

**संवाददाता**



साहिबगंजः जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी कार्यालय साहेबगंज में बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न हितधारकों के साथ एक दिवसीय जिला स्तरीय एडवोकेसी बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन झारखंड विकास परिषद पतना साहिबगंज व जिला बाल संरक्षण इकाई साहिबगंज के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।बैठक का उद्देश्य जिले में बाल संरक्षण से संबंधित चुनौतियों, उपलब्धियों एवं समन्वित कार्ययोजना पर विचार-विमर्श कर बाल संरक्षण तंत्र को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाना था। जबकि जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति ,चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, झारखंड विकास परिषद, किशोर न्याय बोर्ड बाल गृह बालक साहिबगंज के अधीक्षक सहित विभिन्न संबंधित संस्थाओं एवं विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिसमें बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इनमें बाल विवाह की रोकथाम व समय पर हस्तक्षेप, बाल श्रम एवं बाल तस्करी के मामलों की पहचान एवं बचाव, बच्चों के विरुद्ध हिंसा, शोषण एवं दुर्व्यवहार की रोकथाम, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के माध्यम से प्राप्त मामलों के त्वरित निष्पादन, ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समितियों की सक्रियता एवं सुदृढ़ीकरण, विद्यालयों एवं समुदाय स्तर पर बाल अधिकार एवं बाल संरक्षण संबंधी जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन तथा स्पॉन्सरशिप, फोस्टर केयर, आफ्टर केयर एवं अन्य बाल संरक्षण योजनाओं की जानकारी एवं लाभुकों की पहचान जैसे विषय प्रमुख रहे।इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर बाल संरक्षण से जुड़े मामलों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर भी विशेष बल दिया गया। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी ने सभी संबंधित विभागों एवं संस्थाओं को बाल संरक्षण से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता तत्परता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा एवं उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस दिशा में नियमित समन्वय बैठकें आयोजित करने सामुदायिक स्तर पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है।बैठक के अंत में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने जिले में बाल संरक्षण व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने हेतु आपसी सहयोग, समन्वय व प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

## गिरिडीह में चलती कार में अचानक लगी आग, जान बचाकर भागे सवार

**संवाददाता**



गिरिडीहः चलती कार में अचानक आग लग गई। आग ने तुरंत ही विकराल रूप धारण कर लिया। हालांकि आग लगते ही वाहन पर सवार दो लोग कार से बाहर निकलने में सफल रहे। यह घटना गिरिडीह जिले के गावां थाना क्षेत्र अंतर्गत पटनाझडोरंडा मुख्य मार्ग पर बुधवार को हुई है। जानकारी के अनुसार महिंद्रा एक्सयूवी थ्री ओ-ओ पर सवार होकर दो लोग गिरिडीह शहर जा रहे थे। कार जैसे ही सांख गांव के पास पहुंची तो कार में शॉट सर्किट होने लगी। शॉट सर्किट से वाहन के अंदर आग लग गई। वाहन के चालक ने तुरंत ही वाहन को बीच सड़क पर खड़ा किया और साथ में बैठे व्यक्ति के साथ बाहर निकल गए। दोनों के बाहर आते ही कार धू-धूकर जलने लगी और आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

**मच गई अफरा-तफरी**

कार में आग लगने के बाद इस मार्ग पर वाहनों का आवागमन प्रभावित हो गया। लोग जहां थे वहीं खड़े हो गए। कुछ लोगों द्वारा आग बुझाने का प्रयास भी किया गया, लेकिन आग की लपटें देखकर लोगों की हिम्मत जवाब दे गई। चंद मिनट में आग पूरी तरह से कार के चारों तरफ फैल गई और पूरी कार जल गई। बाद में मामले की सूचना पर गावां थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पूरी जानकारी ली और जल चुकी कार को सड़क के बीच से हटवा कर आवागमन को सामान्य किया।

# यज्ञ मंडप की परिक्रमा करना अत्यंत कल्याणकारी लाभदायक : तांत्रिक

अपने बच्चों को सनातन धर्म से जोड़कर रखे,धर्म का ज्ञान दे धार्मिक आयोजन में पूरे परिवार के साथ जाए

**संवाददाता**



**साहिबगंज:** अपने बच्चों को सनातन धर्म से जोड़कर रखे,धर्म का ज्ञान दे धार्मिक आयोजन में पूरे परिवार के साथ जाए ताकि युवा पीढ़ी में धर्म शास्त्र सनातन संस्कृति का ज्ञान हो।उक्त बाते तांत्रिक विजय जी महाराज ने कही।शहर के मां बायसी मंदिर प्रांगण में सात दिवसीय नौ कुंडिय शतचंडी महायज्ञ सह श्रीमद भागवत कथा तीसरे दिन बुधवार सुबह पुरोहितो ने वैदिक मंत्रोचारण के साथ 33 कोटि देवी देवताओं का आह्वाहन करके यज्ञ मंडप का पूजन व हवन किया।सुबह, दोपहर व संध्या बेला में पूजन किया ओर आरती किया गया।वही तीसरे दिन यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंची।वही आयोजक तांत्रिक ने कहा कि यज्ञ मंडप की परिक्रमा करना अत्यंत कल्याणकारी और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध माना जाता है।इससे मनोवांछित फल और सुख- शांति मिलती है,शरीर को निरोगी बनाता है,जीवन की आपदाओं को दूर करता है।यह दिव्य ऊर्जा से जुड़े रहने का एक अनूठा अवसर है।यज्ञ मंडप का सच्ची निष्ठा से परिक्रमा करने से जन्म-जन्मांतर के पापों का क्षय होता है और आत्मा पवित्र होता है।भक्तों का मनोरथ पूरा होता हैं।यज्ञ स्थान पर 33 कोटि देवी-देवताओं का निवास होता है, यज्ञ मंडप की परिक्रमा से चारों धामों की यात्रा का फल मिलता है।वैदिक मंत्रोच्चार के बीच परिक्रमा करने से सकारात्मकता बढ़ती है और मानसिक अशांति दूर होती है।महायज्ञ में भाग लेने वाले और परिक्रमा करने वाले लोग बहुत सौभाग्यशाली होते हैं,जिन्हें भगवान लक्ष्मी नारायण माता रानी की कृपा प्राप्त होती है।परिक्रमा हमेशा घड़ी की दिशा में,यानी अपने दाहिने हाथ की ओर से करनी चाहिए।वही वैदिक मंत्रोचारण से पूरा क्षेत्र शुद्ध पवित्र भक्तिमय हो गया है।शहर भक्ति के रंग में डूबा हुआ है।महायज्ञ परिसर में महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग श्रद्धालु पहुंचकर श्रीमद भागवत कथा, रासलीला का आनंद उठा रहे है।श्रीमद भागवत कथा सह रासलीला में शिव पार्वती का विवाह,शिव जी का बाराती दिखाया गया।मौके पर यज्ञ समिति सदस्य उपस्थित थे।

**न्यूज IN ब्रीफ**

## शेरशाहबादी जाति की पहचान एवं सामाजिक स्थिति का अध्ययन जरूरी



साहिबगंज/बरहरवा :शेरसाहबादी जाति प्रमाण पत्र पुनः निर्गत कराने की माँग के मद्देनजर उपायुक्त साहिबगंज द्वारा गठित शेरशाहबादी जाति की पहचान एवं सामाजिक स्थिति के अध्ययन हेतु जाँच समिति ने बुधवार को महाराजपुर एवं मोगलपाड़ा क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। जाँच के दौरान समिति ने स्थानीय लोगों से संवाद कर शेरशाहबादी एवं खोरठा समुदाय के सामाजिक सांस्कृतिक व ऐतिहासिक पहलुओं की जानकारी प्राप्त की।जाँच दल में अनुमंडल पदाधिकारी,राजमहल,भूमि सुधार उप समाहर्ता राजमहल,अंचल अधिकारी,बरहरवा सहित शेरशाहबादी डेवलपमेंट सोसाइटी के प्रतिनिधि मो।इस्तियाक,मो।आजमाइल,तौफाइल शेख,मामूद हसन एवं सोलोमन शेख उपस्थित थे।निरीक्षण के दौरान समिति ने दोनों समुदायों के लोगों से विस्तृत पूछताछ की तथा यह जानने का प्रयास किया कि शेरशाहबादी और खोरठा समुदायों के बीच सामाजिक एवं सांस्कृतिक स्तर पर क्या भिन्नताएँ हैं।विशेष रूप से इस तथ्य पर भी चर्चा की गई कि दोनों समुदायों के कई पुराने खातियानों में जाति के रूप में ङ्घशेखङ्घ अंकित है,इसके बावजूद दोनों समुदाय स्वयं को अलग पहचान वाला मानते हैं।समिति ने स्थानीय बुजुर्गों,बुद्धिजीवियों एवं समुदाय के प्रतिनिधियों से ऐतिहासिक पृष्ठभूमि,रीति-रिवाज,भाषा,सामाजिक परंपराओं और वंशावली संबंधी जानकारी एकत्र की उल्लेखनीय है कि शेरशाहबादी समुदाय से संबंधित जाति प्रमाण-पत्र निर्गत करने के मुद्दे पर प्राप्त मांगों एवं तथ्यों की निष्पक्ष जाँच के उद्देश्य से दिनांक 01 जून 2026 को उपायुक्त साहिबगंज द्वारा पाँच सदस्यीय जाँच समिति का गठन किया गया था।उसी के आलोक में समिति द्वारा क्षेत्र भ्रमण कर तथ्य संकलन का कार्य किया जा रहा है।आज का निरीक्षण एवं जाँच प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित वातावरण में सम्पन्न हुई।प्राप्त तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर समिति अपनी विस्तृत रिपोर्ट उपायुक्त,साहिबगंज को सौंपेगी,जिसके आधार पर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## जूनियर नेशनल थ्रो बॉल चैंपियनशिप में झारखंड की बालिका टीम को तृतीय स्थान

हजारीबाग : राजस्थान में आयोजित 36वीं जूनियर नेशनल थ्रो बॉल चैंपियनशिप 2026-27 में झारखंड की बालिका टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान का पदक जीत कर झारखंड का नाम रोशन किया है। जिसमें बालिकाएं बिहार, मध्य प्रदेश एवं तमिलनाडु को पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया क्वार्टर फाइनल में कर्नाटक से रोमांचक मुकाबले में मात्र एक पॉइंट से पराजित हुई एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। बुधवार की अहले सुबह जैसे ही विजेता टीम हजारीबाग पहुंची। हजारीबाग थ्रोबॉल संघ के सभी सदस्य एवं रिटायर्ड फुटबॉल क्लब की सभी गणमान्य सदस्यों ने बालक एवं बालिका टीम को हजारीबाग कर्जन ग्राउंड में फूलमाला, गुलदस्ता तथा मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया।

स्वागत समारोह में रिटायर्ड फुटबॉल क्लब के सचिव अभय पासवान ने कहा की बहुत ही गर्व की बात है कि झारखंड की टीम में हजारीबाग के बालिका एवं बालक टीम नेशनल खेलने गए एवं बालिका टीम पदक जीतकर पूरे झारखंड का नाम रोशन किया। हजारीबाग थ्रोबॉल संघ के सचिव अबोध राम ने बताया कि यह झारखंड के बालक एवं बालिकाएं टीम काफी सुदूरवर्ती क्षेत्र से है। यदि इन्हें थोड़ी सी और प्रोत्साहित किया जाए तो यह बच्चे आने वाले समय में थ्रोबॉल खेल में झारखंड का नाम रोशन करेंगी।उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया कि झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ के सचिव राजेश कुमार एवं भारतीय थ्रोबॉल संघ के सचिव गौतम कुमार को धन्यवाद देते हुए कहा कि खुशी की बात है कि इन लोगों के द्वारा हजारीबाग में थ्रो बॉल संघ का बढ़ावा देने के लिए हम लोगों को प्रेरित किए हैं जिसके लिए तहे दिल से धन्यवाद देते हैं। स्वागत समारोह में थ्रोबॉल संघ के सदस्य रवि कुमार, प्रमोद कुमार दास, रिटायर्ड फुटबॉल क्लब के सदस्य सूरज थापा, विनय कुमार, शारीरिक शिक्षक दीपक कुमार एवं परमेश्वर गोप ने अपने वक्तव्य में सभी बच्चों को बधाई एवं आशीर्वचन दिया। सम्मान समारोह को सफल बनाने में थ्रोबॉल संघ के सदस्य जुबेर आलम, आदित्य कुमार, रवि कुमार अमरनाथ, रिटायर्ड फुटबॉल क्लब के गणमान्य सदस्य सुनील कुमार, बबलू तुरी, सुरेन्द्र शुक्ला, जितेंद्र कुमार, मोहम्मद खुर्शीद आलम, ललन कुमार एवं अशोक कुमार का सहयोग काफी सराहनीय रहा।

## नालियों की साफ-सफाई कर जलजमाव की समस्या से निपटने की तैयारी



साहिबगंज :नगर परिषद की ओर से बरसात से पूर्व शहर की बड़ी एवं छोटी नालियों की सफाई अभियान तेज कर दिया गया है।सफाई प्रभारी शिवहरि के नेतृत्व में विभिन्न इलाकों में नालियों की साफ-सफाई कर जलजमाव की समस्या से निपटने की तैयारी की जा रही है।नगर क्षेत्र के पूर्वी फाटक,डॉ। देवेश कुमार के आवास के समीप, मजहर टोला,एलसी रोड,रसूलपुर दहला,पानी टंकी के पास मछुआ सोसाइटी इलाके में विशेष रूप से सफाई अभियान चलाया गया।सफाई कर्मियों ने नालियों से कचरा और गाद निकालकर जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त किया।इस अभियान में सफाई प्रभारी शिवहरि के साथ छोटे हरिजन,उत्तम हरि एवं विष्णु हरि सक्रिय रूप से शामिल रहे।नगरवासियों ने मानसून से पहले चलाए जा रहे इस सफाई अभियान की सराहना की है।

## मजदूर संगठन ने केस दर्ज कराने की दी चेतावनी

हजारीबाग : जिला प्रतिनिधि अखिल भारतीय मजदूर संगठन हजारीबाग के अध्यक्ष विवेक कुमार वाल्मीकि ने वार्ड जमादार दीपक कुमार के इलाज में हो रहे खर्च का भुगतान करने की मांग की है। कहा कि दीपक का परिवार ब्याज पर पैसा लेकर इलाज करा रहा है। इससे वे सुदखोरों के चंगुल में फंसते जा रहे है। जिला प्रशासन परिवार को मुआवजा देकर सुदखोरों से बचाने का काम करें। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों ने अपने वेतन से लगभग 90 हजार रुपये पीड़ित परिवार को सहयोग किया हे। उन्होने चेतावनी देते हुए कहा कि 48 घंटो के अंदर मुआवजा की राशि नही दी गई तो संगठन लेबर कोर्ट में महापौर, नगर आयुक्त और जिला प्रशासन पर केस दायर करेगा।

## जिले के होटलों, लॉजों एवं अतिथि गृहों का होगा विशेष फायर सेफ्टी ऑडिट

**साहिबगंज :** विभिन्न स्थानों पर घटित अग्नि दुर्घटनाओं के परिप्रेक्ष्य में जनहित एवं नागरिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, साहिबगंज दीपक कुमार दुबे द्वारा जिले के सभी होटल, लॉज एवं अतिथि गृहों में अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुपालन की व्यापक जांच एवं फायर सेफ्टी ऑडिट कराने का निर्देश दिया गया है। उपायुक्त द्वारा एक संयुक्त जांच समिति का गठन किया गया है।जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी, साहेबगंज एवं राजमहल अपने-अपने अनुमंडल क्षेत्र के अंतर्गत कार्यपालक दण्डाधिकारी, साहेबगंज तथा जिला अग्निशमन पदाधिकारी साहिबगंज को शामिल किया गया है।गठित जांच समिति जिले के सभी छोटे-बड़े होटल, लॉज एवं अतिथि गृहों का स्थल निरीक्षण कर वहां उपलब्ध फायर एक्सटिंग्विशर अलार्म सिस्टम आपातकालीन निकास व्यवस्था विद्युत वायरिंग जलापूर्ति व्यवस्था सहित अन्य सुरक्षा मानकों की गहन जांच करेंगे। साथ ही यह भी सुनिश्चित करेंगे कि संबंधित प्रतिष्ठानों द्वारा भवन निर्माण एवं अग्नि सुरक्षा से संबंधित निर्धारित मानकों का अनुपालन किया जा रहा है।जांच के दौरान जिन प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा मानकों का उल्लंघन अथवा आवश्यक व्यवस्थाओं का अभाव पाया जाएगा उनके विरुद्ध एनबीसीएस 2026,लॉज-2016 एवं फायर सेफ्टी रूल के प्रावधानों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।गठित समिति द्वारा एक सप्ताह के भीतर विस्तृत जांच प्रतिवेदन समर्पित किया जाना है । ताकि जिले में संचालित सभी होटल, लॉज एवं अतिथि गृहों में सुरक्षा मानकों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके तथा संभावित अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम की जा सके।



# दर्शकों को फिल्म की कमाई या बजट से कोई लेना-देना नहीं होना चाहिए

रणबीर कपूर की फिल्म 'रामायण' और महेश बाबू की 'वाराणसी' जैसी बड़ी फिल्मों की काफी चर्चा है। लोग इन फिल्मों की कहानी से ज्यादा इनके करोड़ों रुपये के बजट को लेकर बातें कर रहे हैं। मशहूर अभिनेता मनोज बाजपेयी ने इस बात पर नाराजगी जताई है और दर्शकों को समझाया है कि उन्हें फिल्म की कमाई या बजट से कोई लेना-देना नही होना चाहिए।

## बजट बताना सिर्फ पब्लिसिटी का एक तरीका है

एक खबर के अनुसार, मनोज बाजपेयी से जब पूछा गया कि 'रामायण' और 'वाराणसी' जैसी फिल्मों के मेकर्स उनके भारी-भरकम बजट का इतना प्रचार क्यों कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि यह सब पब्लिसिटी स्टंट का एक जरिया है। पिछले 15 साल से फिल्मों को हिट दिखाने के लिए इस तरीके का इस्तेमाल किया जा रहा है। मनोज बाजपेयी ने दर्शकों को समझाने के लिए कहा, 'यह बीमारी इतनी बढ़ गई है कि एयरपोर्ट पर मिलने वाले आम लोग भी मुझसे फिल्मों की कमाई के आंकड़े पूछने लगते हैं। मैं उन्हें टोकता हूं कि यह पैसा आपके बैंक खाते में नहीं आ रहा है। दर्शकों का फिल्म से सिर्फ इतना नाता होना चाहिए कि उन्हें फिल्म पसंद आई या नहीं। मेकर्स जिस 500-600 करोड रुपये की बात करते हैं, उससे दर्शकों का कोई फायदा नही होता। फिल्म का बिजनेस सिर्फ निर्माता का काम है।'

नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे महंगी फिल्म मानी जा रही है, जिसका बजट 4,000 करोड रुपये बताया जा रहा है। इस फिल्म में रणबीर कपूर (भगवान राम), साई पल्लवी (सीता), सनी देओल (हनुमान), रवि दुबे (लक्ष्मण) और यश (रावण) के किरदार में नजर आएंगे। इसका पहला भाग इसी साल दिवाली पर रिलीज हो होगा।

एसएस राजामौली के निर्देशन मे बन रही फिल्म 'वाराणसी' का बजट लगभग 1,400 करोड रुपये है। इसमें महेश बाबू मुख्य भूमिका में हैं और प्रियंका चोपडा इस फिल्म से साउथ में वापसी कर रही हैं। खास बात यह है कि यह पूरी तरह से आईमैक्स फॉर्मेट पर शूट होने वाली भारत की पहली फिल्म होगी।



# एक्ट्रेस माही विज ने 'सहर होने को है' शो से कहा अलविदा

टीवी एक्ट्रेस माही विज ने टीवी शो 'सहर होने को है' को अलविदा कह दिया है। इस मौके पर उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसने फैंस का दिल छू लिया। खास बात यह है कि इस पोस्ट पर उनके एक्स पति जय भानुशाली ने भी कमेंट किया। माही विज ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह अपने मेकअप रूम के दरवाजे के पास नजर आ रही हैं। इस दौरान उनके चेहरे पर भावुकता साफ दिखाई दे रही है। तस्वीर के साथ, उन्होंने कैप्शन में लिखा, ''आज मैं इस किरदार, इस कमरे और इस पूरे सफर को अलविदा कह रही हूं और अपने साथ अनगिनत खूबसूरत यादें लेकर जा रही हूं। इस किरदार को पर्दे पर जीवंत बनाने का हर पल मेरे लिए बेहद खास रहा। हर सीन, हर इमोशन और हर दिन मेरे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया था। यह अनुभव मैं हमेशा अपने दिल में संजोकर रखूंगी और इसे कभी नहीं भूलूंगी।''

अपने पोस्ट में माही ने उन सभी लोगों का भी धन्यवाद किया, जिन्होंने इस सफर में उनका साथ दिया। उन्होंने निर्देशक, निर्माता, क्रिएटिव टीम, साथी कलाकारों, तकनीकी कर्मचारियों और चैनल से जुड़े सभी लोगों के प्रति आभार जताया। माही ने लिखा, ''इन सभी लोगों के सहयोग, मार्गदर्शन और विश्वास ने मेरे सफर को यादगार बना दिया। अगर पूरी टीम का साथ और भरोसा न मिलता, तो मैं इस किरदार को इतनी खूबसूरती से नहीं निभा पातीं।''

माही ने अपने लोकप्रिय किरदार 'कौसर' का भी खास जिक्र किया। उन्होंने कहा, ''अब जब मैं जिंदगी में आगे बढ़ रही हू, तब भी इस किरदार की यादें हमेशा मेरे साथ रहेंगी। मुझे कौसर की बहुत याद आएगी, क्योंकि इस किरदार ने मुझे दर्शकों के दिलो तक पहुंचाने में मदद की है। मैं दर्शकों का धन्यवाद करती हू कि उन्होंने मेरे इस किरदार को प्यार और अपनापन दिया। यह मेरे लिए किसी पुरस्कार से कम नही है।''

पोस्ट के आखिर में माही ने लिखा, ''यह मेरी जिंदगी का एक बेहद खूबसूरत अध्याय था और मैं इस सफर को हमेशा याद रखूंगी।''

माही की इस पोस्ट पर सबसे ज्यादा ध्यान जय भानुशाली के कमेंट ने खींचा। जय ने कमेंट में ताली बजाने वाला इमोजी भेजा और माही का हौसला बढ़ाया। इसके जवाब में माही ने भी हार्ट इमोजी भेजकर उनका आभार व्यक्त किया। इसी साल जनवरी में माही विज और जय भानुशाली ने अपनी 14 साल पुरानी शादी खत्म करने की घोषणा की थी। दोनों ने बयान जारी करते हुए बताया था कि हमने किसी विवाद की जगह शांति और सम्मान का रास्ता चुना है। भले ही हमारी जिंदगी की राहें अब अलग हो गई हों, लेकिन हम हमेशा एक-दूसरे का सम्मान करेंगे और जरूरत पड़ने पर साथ खड़े रहेंगे।



# एलियन- अर्थ 2 का हिस्सा बनना खास

**अभिनेता आदर्श गौरव ने रिडले स्कॉट की फिल्म 'एलियन अर्थ' में स्लाइटली के किरदार के लिए खूब प्रशंसा बटोरी। अब अभिनेता इस साइंस फिक्शन शो के आगामी दूसरे सीजन में भी वही भूमिका निभाएंगे और जल्द ही शूटिंग के लिए रवाना होने वाले हैं। दूसरे सीजन में पीटर डिकलेज के शामिल होने से इसको लेकर लोगों का उत्साह और भी बढ़ गया है। आदर्श ने एमी पुरस्कार विजेता इस अभिनेता की जमकर तारीफ की है।**

## शूटिंग के बाद भी यह मन में रहता है

नोआ हॉली द्वारा निर्मित और दिग्गज फिल्म निर्माता रिडले स्कॉट द्वारा कार्यकारी निर्मित 'एलियन: अर्थ' स्कॉट की प्रतिष्ठित एलियन फिल्मों का स्पिन-ऑफ है। पहले सीजन में आदर्श ने स्लाइटली उर्फ आरुष की भूमिका निभाई, जो मनुष्य और मशीन का एक हाइब्रिड है। आदर्श गौरव ने कहा कि 'एलियन: अर्थ' के सीजन 2 में वापसी करना बेहद खास लगता है। स्लाइटली एक ऐसा किरदार है जो शूटिंग खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक मेरे मन में बसा रहा, क्योंकि उसकी इमोशनली जटिलता और ट्विस्ट ने मुझे दीवाना बना दिया। नोआ हॉली और रिडले स्कॉट द्वारा निर्मित दुनिया में उसे और गहराई से जानने का अवसर मिलना एक अभिनेता के रूप में रोमांचक और बेहद संतोषजनक है।

## शूटिंग के लिए निकले आदर्श

'एलियन: अर्थ' में सिडनी चैंडलर, एलेक्स लॉथर, एस्सी डेविस, सैमुअल ब्लेंकिन और बाबौ सीसे मुख्य भूमिका में हैं, जबकि टिमोथी ओलिफेंट एक महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आते हैं। सीजन 2 में गेम ऑफ थ्रोन्स के मशहूर अभिनेता पीटर डिंकलेज की एंट्री होती है, जिससे एलियन यूनिवर्स का विस्तार होता है। आदर्श ने आगे कहा कि इस अनुभव को वास्तव में उल्लेखनीय बनाने वाली बात यह है कि मुझे एक टैलेंटेड एक्टर्स के साथ इस लोकप्रिय यूनिवर्स का हिस्सा बनने का मौका मिला। पीटर डिंकलेज, टिमोथी ओलिफेंट और पूरी टीम जैसे कलाकारों के साथ काम करना आपको हर दिन क्रिएटिव रूप से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। मैं जून के पहले वीक में शूटिंग के लिए निकल रहा हू, और उसके तुरंत बाद शूटिंग शुरू हो जाएगी। इस सीजन को लेकर काफी उत्सुकता है, क्योंकि इसमें कहानी कहने का तरीका और भी महत्वाकांक्षी हो गया है।

## 2025 में आया था पहला सीजन

'एलियन: अर्थ' सीजन 1 का प्रीमियर अगस्त 2025 में भारत में जियोहॉटस्टार पर हुआ था। डिज्नी ने घोषणा की कि 'एलियन: अर्थ' के पहले एपिसोड को स्ट्रीमिंग के पहले छह दिनों में ही दुनिया भर में 9.2 मिलियन व्यूज मिले। इस शो को क्रिटिक्स से भी सराहना मिली। दूसरे सीजन की शूटिंग चल रही है, लेकिन रिलीज डेट की घोषणा अभी नही की गई है।

## 'तू या मैं' में नजर आए थे आदर्श गौरव

बॉलीवुड मे आदर्श गौरव को आखिरी बार बेजॉय नाम्बियार की सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म 'तू या मैं' में देखा गया था। इस फिल्म में शनाया कपूर प्रमुख भूमिका में नजर आई हैं। फरवरी में रिलीज हुई यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही।

# 'स्वयंभू' के लिए 45 दिन की कड़ी ट्रेनिंग के बाद योद्धा जैसे बने निखिल

निखिल सिद्धार्थ की आगामी फिल्म 'स्वयंभू' लगातार चर्चा में बनी हुई है। टीजर और पहले गीत 'रा रा धीवरा' के बाद अब निर्माताओं ने फिल्म का एक बिहाइंड द सीन्स वीडियो जारी किया है, जिसमें निखिल के योद्धा में बदलने की तैयारी दिखाई गई है। निखिल के जन्मदिन के अवसर पर जारी इस वीडियो में एक्टर 45 दिनों की विशेष ट्रेनिंग लेते नजर आ रहे हैं। वीडियो में वह अंतरराष्ट्रीय स्टंट विशेषज्ञों के साथ एक्शन सीन्स की तैयारी करते दिखाई देते हैं। फिल्म के लिए उन्होंने तलवारबाजी, युद्ध कौशल और शारीरिक प्रशिक्षण पर विशेष मेहनत की है। यह फिल्म एक ऐतिहासिक-एक्शन ड्रामा है, जिसकी कहानी भारतीय इतिहास और पौराणिक परंपराओं से प्रेरित बताई जा रही है। फिल्म का आधार सेंगोल है, जिसे न्याय, धर्म और सत्ता के प्रतीक के रूप में जाना जाता है। हालांकि फिल्म किसी वास्तविक घटना का सीधा चित्रण नही होगी, बल्कि सेंगोल से प्रेरित एक कालखंड और योद्धा की कहानी प्रस्तुत करेगी। फिल्म का निर्देशन भरत कृष्णमाचारी ने किया है। टेक्निकल टीम में कई बड़े नाम शामिल हैं।



# लेकिन भाषाएं सीखना रोमांचित करता है

बॉलीवुड अभिनेत्री शरवरी वाघ इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' को लेकर चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में उन्हें एक ऐसी महिला का किरदार निभाने का मौका मिला, जो उनकी अपनी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से काफी अलग है, जिसके चलते उन्हें नई भाषा और संस्कृति को समझना पड़ा। अपने इस अनुभव को उन्होंने आईएएनएस संग साझा किया। आईएएनएस से बात करते हुए शरवरी वाघ ने कहा, ''घर में मैं मराठी भाषा बोलती हू और मेरी परवरिश पूरी तरह मराठी संस्कृति के बीच हुई है। ऐसे में एक पंजाबी महिला का किरदार निभाना मेरे लिए एक नया और दिलचस्प अनुभव था।'' शरवरी ने कहा, ''भाषाएं हमेशा से मुझे आकर्षित करती रही हैं। मेरा मानना है कि भारत जैसे देश मे कलाकारों के लिए सीखने और समझने के अवसर कभी खत्म नही होते। यहां इतनी सारी भाषाएं और संस्कृतियां हैं कि हर नया किरदार किसी नई दुनिया का दरवाजा खोल देता है। एक अभिनेता के लिए सिर्फ डायलॉग बोलना ही काफी नही होता, बल्कि उस भाषा की भावना, उसके लहजे और उससे जुड़ी संस्कृति को समझना भी जरूरी होता है।'' अभिनेत्री ने कहा, ''भले ही मैं नई भाषाएं सीखने को लेकर उत्साहित रहती हू, लेकिन मेरी मातृभाषा मराठी आज भी मेरे दिल के सबसे करीब है। जब भी मुझे किसी सीन के लिए भावनात्मक रूप से खुद को तैयार करना होता है या किसी खास एहसास से जुड़ना होता है, तो मैं अक्सर मराठी गाने सुनती हू। मराठी भाषा के शब्द मेरे दिल को सबसे गहराई से छूते हैं।'' शरवरी ने कहा, 'अपनी जड़ों से जुड़ा रहना और साथ ही नई चीजें सीखना, दोनों ही जरूरी हैं। महाराष्ट्र से होने का एक फायदा यह भी मिला कि मुझे दूसरी भाषाओं को समझने और अपनाने में आसानी हुई। भारत की कई भाषाएं एक-दूसरे से किसी न किसी रूप में जुडी हुई हैं। यही वजह है कि नई भाषा सीखने की प्रक्रिया मेरे लिए मुश्किल के बजाय आनंददायक रही।'



# भारतीय एथलेटिक्स महासंघ 20 जून को करेगा पहले इंडियन एथलेटिक अवॉर्ड्स का आयोजन

एजेंसी




**नई दिल्ली :** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) 20 जून को नई दिल्ली में पहली बार इंडियन एथलेटिक अवॉर्ड्स 2026 का आयोजन करेगा। इस पहल का उद्देश्य भारतीय एथलेटिक्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और खेल के विकास में योगदान देने वाले सभी प्रमुख हितधारकों को सम्मानित करना है। यह पुरस्कार समारोह भारतीय एथलेटिक्स की उपलब्धियों का उत्सव होगा, जिसमें वर्तमान और पूर्व खिलाड़ी, कोच, तकनीकी अधिकारी, मार्गदर्शक, राज्य संघ, प्रायोजक और खेल को आगे बढ़ाने वाले अन्य सहयोगियों को सम्मानित किया जाएगा।

इस समारोह में देश के कई प्रमुख वर्तमान और पूर्व एथलीट शामिल होने की संभावना है। माना जा रहा है कि यह आयोजन भारतीय एथलेटिक्स समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बनेगा और उभरते खिलाड़ियों के मनोबल को मजबूत करेगा। इस अवसर पर कुल 10 श्रेणियों में पुरस्कार दिए जाएंगे, जिनमें लाइफटाइम अचीवमेंट, सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ कोच, सर्वश्रेष्ठ तकनीकी अधिकारी, सर्वश्रेष्ठ राज्य संघ और एथलेटिक्स को बढ़ावा देने वाले राज्य शामिल हैं। एएफआई अध्यक्ष बहादुर सिंह सागू ने गुरुवार को एक आधिकारिक बयान में कहा कि भारतीय एथलेटिक्स ने पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति की है और यह पुरस्कार केवल पदक विजेताओं के लिए नहीं बल्कि उन सभी लोगों के लिए हैं जो पर्दे के पीछे रहकर खेल को मजबूत करते हैं। एएफआई की वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंजू बॉबी जॉर्ज ने कहा कि यह समारोह भारतीय एथलेटिक्स से जुड़े हर स्तर के समर्पण और संघर्ष को सम्मान देने का माध्यम बनेगा। वहीं नीरज चोपड़ा ने कहा कि ऐसे सम्मान युवा खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ाने और पूरे खेल तंत्र को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**दिए जाने वाले प्रमुख पुरस्कार:**

वर्ष 2025 के सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट
वर्ष 2025 की सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट
वर्ष 2025 के सर्वश्रेष्ठ कोच
लाइफटाइम अचीवमेंट एथलेटिक्स अवॉर्ड (3 सम्मान)
वर्ष 2025 का सर्वश्रेष्ठ राज्य संघ
वर्ष 2025 के सर्वश्रेष्ठ तकनीकी अधिकारी
एथलेटिक्स को सर्वाधिक समर्थन देने वाला राज्य

# फीफा विश्व कप टिकट कीमतों का इन्फैन्टिनो ने किया बचाव, सोमाली रेफरी विवाद पर बोले- थोड़ा शांत रहना चाहिए

एजेंसी



**मेक्सिको सिटी :** फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैन्टिनो ने विश्व कप 2026 के टिकटों की ऊंची कीमतों का बचाव करते हुए कहा कि यदि फीफा गलत कर रहा है, तो उत्तर अमेरिका में टिकट बेचने वाले लगभग सभी आयोजक भी गलत होंगे। विश्व कप के उद्घाटन मुकाबले से पहले आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इन्फैन्टिनो ने टिकट मूल्य निर्धारण, सुरक्षा नियमों और अमेरिका में प्रवेश से रोके गए सोमाली रेफरी के मुद्दे पर अपनी बात रखी। विश्व कप 2026 के समूह चरण मुकाबलों के टिकट लगभग 140 अमेरिकी डॉलर से शुरू हुए, जबकि फाइनल मुकाबले के टिकटों की कीमत कई हजार डॉलर तक पहुंच गई। फाइनल के कुछ टिकटों की कीमत बाद में और बढ़ाई गई। इन्फैन्टिनो ने कहा कि यदि टिकट कम कीमत पर बेचे जाते तो वे दोबारा बिक्री बाजार और अवैध टिकट कारोबार में बहुत अधिक दाम पर बिकते और उसका लाभ फुटबॉल को नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के लिए औसत टिकट मूल्य 500 डॉलर से कम रखा गया है और यह अमेरिका के अन्य बड़े खेल आयोजनों के स्तर के आसपास है। हाल के दिनों में अमेरिका के कुछ राज्यों में टिकट बिक्री की जांच शुरू हुई है, लेकिन इन्फैन्टिनो ने कहा कि फीफा इसको लेकर चिंतित नहीं है। उन्होंने कहा,ह्हम हर जांच का स्वागत करते हैं। हमने टिकट बिक्री शुरू करने से पहले विशेषज्ञों और कानूनी सलाहकारों के साथ पूरी प्रक्रिया की समीक्षा की थी। सोमाली रेफरी विवाद पर भी दिया जवाब

विश्व कप में पहली बार सोमालिया से रेफरी बनने जा रहे ओमर आर्टान को अमेरिका में प्रवेश नहीं दिया गया।अमेरिकी अधिकारियों ने सुरक्षा जांच से जुड़ी चिंताओं का हवाला दिया।

इस पर इन्फैन्टिनो ने कहा कि फीफा सभी चीजों को नियंत्रित नहीं कर सकता। उन्होंने कहा,ह्हम समाधान खोजने की कोशिश करते हैं। कभी-कभी थोड़ा शांत रहना भी जरूरी होता है। हर बात पर तुरंत शोर मचाने से समाधान नहीं निकलता। उन्होंने यह भी कहा कि सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होती है और सरकारों तथा सुरक्षा एजेंसियों के निर्णयों का सम्मान करना पड़ता है। ईरान टीम के अमेरिका आने को बताया बड़ी उपलब्धि इन्फैन्टिनो ने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद ईरान की टीम को विश्व कप में खेलने के लिए अमेरिका पहुंचाने में फीफा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि फीफा को कई जटिल परिस्थितियों के बीच काम करना पड़ता है और यही उसकी जिम्मेदारी भी है।

# ईरान, बहरीन, कुवैत पर ड्रोन और मिसाइलों की बौछार होर्मुज बंद, अमेरिका की चेतावनी-अब सिर्फ बमों से होगी बात

एजेंसी

**तेहरान/वाशिंगटन/ कुवैत सिटी/ मनामा :** अमेरिका ने ईरान को दिन में तारे दिखा दिए हैं। अमेरिका की सेना इस समय भी ईरान पर मिसाइल और ड्रोन से से हमले कर रही है। ईरान ने भी होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करते हुए अमेरिका के साथी देशों बहरीन और कुवैत पर हमले शुरू कर दिए हैं। इससे समूचे मध्य पूर्व में सैन्य तनाव चरम पर पहुंच गया है। गल्फ न्यूज, अल जजीरा और सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ने ईरान पर फिर हमले किए हैं। तेहरान का कहना है कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ( आईआरजीसी) ने गुरुवार सुबह कहा कि अमेरिकी हमलों के बाद उसने कुवैत और बहरीन में अमेरिकी ठिकानों पर हमला किया। अमेरिकी मध्य कमान का कहना है कि आत्मरक्षा के लिए हमले जारी रहेंगे।



सेंटकॉम ने कहा कि अमेरिका ने रात भर पूरे ईरान पर ताजा हमले किए। इससे तीन महीने से चल रहे संघर्ष को खत्म करने की कोशिशें रुक गईं। तेहरान ने चेतावनी दी कि अब कोई जहाज होर्मुज से गुजर कर दिखाए। तेहरान ने कहा कि बहरीन और कुवैत में जहाजों और अमेरिकी संपत्तियों पर हमला किया गया है। वाशिंगटन ने कहा कि इस रणनीतिक जलमार्ग को बंद करने का दावा झूठा है। कमर्शियल टैंकर गुजर रहे हैं। कुवैत की सेना ने कहा कि देश पर लगातार हमले हो रहे हैं। वायु रक्षा प्रणाली ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमलों का सामना कर रही है। आईआरजीसी ने कहा कि बहरीन पर भी हमला किया गया है। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना के अनुसार, अली और अहमद एयर फोर्स बेस पर अमेरिकी सेना के 18 महत्वपूर्ण ठिकानों को निशाना बनाया गया। शेख ईसा एयर बेस को उड़ा दिया गया है। बहरीन के गृह मंत्रालय गुरुवार सुबह कहा कि देश पर ईरान ने ड्रोन और मिसाइल से हमला किया है। उल्लेखनीय है कि बहरीन में अमेरिकी नौसेना का पांचवां बेड़ा तैनात है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि हमने कल भी ईरान पर हमला किया था, आज उससे भी बड़ा हमला होगा। अमेरिका किसी को भी नहीं डरता। जिस दिन चाहेगा, नेतृत्व का झंडा उठाने वालों का हश्र सर्वोच्च नेता खामेनेई जैसा करेगा। ट्रंप के इस बयान के बाद अमेरिकी सेना ने ईरान के बंदर अब्बास पर हमला किया है। इसके अलावा केशम द्वीप और दक्षिण के शहर सिरिक और मिनाब में जोरदार धमाके हुए हैं। इस बीच अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने साफ किया है कि अब ईरान के साथ सिर्फ और सिर्फ बमों से बात होगी।

## नीति आयोग की बैठक में हिमाचल के हक की पैरवी करेंगे मुख्यमंत्री सुक्खू

एजेंसी

**शिमला :** नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार को नीति आयोग की 11वीं गवर्निंग काउंसिल की अहम बैठक हो रही है। देश के विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री इस बैठक में हिस्सा लेंगे। हिमाचल प्रदेश की ओर से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बैठक में शामिल होंगे और राज्य से जुड़े कई महत्वपूर्ण वित्तीय मुद्दों को केंद्र सरकार के समक्ष उठाएंगे। प्रदेश सरकार को उम्मीद है कि इस मंच पर हिमाचल की आर्थिक चुनौतियों और विशेष परिस्थितियों को लेकर सकारात्मक चर्चा होगी। जानकारी अनुसार मुख्यमंत्री सुक्खू बैठक में सबसे पहले राजस्व घाटा अनुदान (आरडीजी) का मुद्दा उठाएंगे। राज्य सरकार का कहना है कि आरडीजी बंद होने से हिमाचल प्रदेश को हर साल करीब 6,258 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। ऐसे में मुख्यमंत्री केंद्र से आरडीजी को वर्ष 2028 तक जारी रखने या इसके स्थान पर विशेष वित्तीय पैकेज देने की मांग करेंगे। सरकार का तर्क है कि पहाड़ी राज्य होने के कारण हिमाचल की विकास और प्रशासनिक जरूरतें अन्य राज्यों से अलग हैं। बैठक में हिमाचल के वन क्षेत्रों के संरक्षण का मुद्दा भी प्रमुखता से रखा जाएगा। प्रदेश सरकार का मानना है कि पर्यावरण संरक्षण में हिमाचल का बड़ा योगदान है, इसलिए राज्य को प्रतिवर्ष एक हजार करोड़ रुपये का वन संरक्षण बोनस दिया जाना चाहिए। इसके अलावा वर्ष 2023 की भीषण प्राकृतिक आपदा और बाढ़ से हुए 9,042 करोड़ रुपये के नुकसान की भरपाई के लिए लंबित केंद्रीय सहायता राशि जारी करने की मांग भी मुख्यमंत्री करेंगे। मुख्यमंत्री भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) से जुड़े करीब 4,200 करोड़ रुपये के बकाया एरियर का मामला भी उठाएंगे। राज्य सरकार चाहती है कि केंद्र सरकार इस भुगतान को सुनिश्चित करने के लिए संबंधित राज्यों को आवश्यक निर्देश दे।

## ममता बनर्जी के कांग्रेस में शामिल होने की अटकलें पर दिलीप घोष ने किया तंज

**सिलीगुड़ी :** तृणमूल कांग्रेस में जारी बिखराव और ममता बनर्जी के कांग्रेस में शामिल होने की अटकलों पर पश्चिम बंगाल के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री दिलीप घोष ने तंज किया है। गुरुवार को बागडोगरा एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात करते हुए दिलीप घोष ने कहा, ममता बनर्जी को कांग्रेस में शामिल हो जाना चाहिए, आखिर जाएंगी कहां? बार-बार वहीं लौटना पड़ता है। सायनी घोष और यूसुफ को लेकर चल रही अटकलों पर उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि पूरा स्कोर हो जाने दीजिए। दिलीप घोष ने आगे कहा, मैंने पहले ही कहा था, जिस दिन यह पार्टी हारेगी, उसी दिन इसका अंत हो जाएगा। नेता भाग रहे हैं और जनता उन्हें नकार रही है। पार्टी में टूट को लेकर उन्होंने कहा कि तृणमूल एक गैंग की तरह थी, डी-कंपनी जैसी। स्वार्थी लोग आए थे और हारते ही चले गए। इस पार्टी का कोई भविष्य नहीं है। वहीं अपने दौरे के दौरान विकास के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि महकमा परिषद के पास बुनियादी ढांचा नहीं है। चुनाव हो चुका है, प्रतिनिधि मौजूद हैं, उनके साथ बैठक की जाएगी और परिषद को व्यवस्थित किया

## ऊर्जा मंत्री तोमर आज ग्वालियर में करेंगे 3.92 करोड़ की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन

एजेंसी

**ग्वालियर :** मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर आज गुरुवार को उप नगर ग्वालियर के विभिन्न क्षेत्रों में 3.92 करोड़ की लागत से विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। तोमर विभिन्न कार्यक्रमों के समापन उपरांत रात्रि विश्राम आनंद नगर सी-ब्लॉक स्थित माता मंदिर में करेंगे। ऊर्जा मंत्री तोमर शाम 5 बजे वार्ड 32 स्थित गांधी नगर पार्क में आयोजित कार्यक्रम में 01 करोड 98 लाख की लागत से निर्मित होने वाली नवीन सीवर लाईन संधारण कार्य का भूमिपूजन करेंगे। इसी कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री 60 लाख 14 हजार की लागत से सड़क डामरीकरण कार्य, 81 लाख 12 हजार की लागत से गांधीनगर की विभिन्न गलियों में डामरीकरण कार्य, 3 लाख 82 हजार की लागत से गांधी नगर में नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन, 13 लाख 16 हजार की लागत से वार्ड 32 के समस्त पार्कों में नवीन उपकरणों की स्थापना का भूमिपूजन, 12 लाख 56 हजार की लागत से वार्ड 32 में सार्वजनिक सुलभ काम्प्लेक्स की मरम्मत कार्य का भूमिपूजन करेंगे।



ऊर्जा मंत्री तोमर शाम 06:00 बजे बहोड़ापुर पुलिस थाने के निकट वार्ड 3 स्थित शहीद श्री सरमन सिंह पार्क में आयोजित कार्यक्रम में 23 लाख 60 हजार की लागत से शहीद श्री सरमन सिंह पार्क के क्षसौन्दर्यीकरण कार्य का भूमिपजन करेंगे। तदोपरान्त रात्रि विश्राम आनंद नगर सी-ब्लॉक स्थित माता मंदिर में करेंगे। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर शुक्रवार 12 जून 2026 को सुबह 7 आनंद नगर सी-ब्लॉक स्थित माता मंदिर परिसर में आयोजित स्वच्छता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## दक्षिण बंगाल में आंधी-बारिश का अलर्ट, उत्तर बंगाल में भारी वर्षा की चेतावनी

एजेंसी

**कोलकाता :** उत्तर बंगाल में मानसून पहले ही प्रवेश कर चुका है, जबकि दक्षिण बंगाल में अभी इसके पूरी तरह पहुंचने का इंतजार है। हालांकि बुधवार शाम को कोलकाता समेत दक्षिण बंगाल के कई जिलों में हुई बारिश और तेज हवा ने लोगों को उमस भरी गर्मी से कुछ राहत दी। मौसम विभाग ने गुरुवार को दक्षिण बंगाल के कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश तथा उत्तर बंगाल के कई हिस्सों में भारी वर्षा की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, पूर्वी बिहार से उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक एक मजबूत ट्रफ रेखा बनी हुई है, जो गांगेय पश्चिम बंगाल के ऊपर से गुजर रही है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण भी सक्रिय है। इन दोनों मौसमी प्रणालियों के प्रभाव से पश्चिम बंगाल में वर्षा की गतिविधियां बढ़ने की संभावना है। गुरुवार सुबह दक्षिण बंगाल के कई जिलों में धूप निकल सकती है और मौसम सामान्य रहने की संभावना है। हालांकि दिन चढ़ने के साथ आंशिक बादल छाए रहेंगे और दोपहर बाद कई इलाकों में बारिश तथा गरज-चमक के साथ आंधी आने की संभावना है। मौसम विभाग ने कोलकाता, उत्तर और दक्षिण 24 परगना, हावड़ा, हुगली और पूर्व मेदिनीपुर में गरज-चमक के साथ बारिश की प्रबल संभावना जताई है। इसके अलावा पूर्व बर्दवान, बीरभूम और मुर्शिदाबाद में भी बारिश हो सकती है। इन जिलों में 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की आशंका है। मौसम विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि आंधी-तूफान के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहें और अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें। हालांकि विभाग का कहना है कि बारिश के बावजूद तापमान में बहुत अधिक गिरावट की संभावना नहीं है। अगले कुछ दिनों तक उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान कर सकती है, लेकिन बारिश से अस्थायी राहत मिलने की उम्मीद है। उत्तर बंगाल में मानसून सक्रिय होने के कारण कई जिलों में भारी बारिश की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग ने दार्जिलिंग, कूचबिहार, जलपाईगुड़ी, उत्तर दिनाजपुर और दक्षिण दिनाजपुर के लिए भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है।

## हिमाचल में वाहनों का परमिट शुल्क बढ़ाने की तैयारी, 30 दिन में मांगे सुझाव

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में बस, ट्रक और अन्य व्यावसायिक वाहन चलाने वालों को जल्द अधिक शुल्क चुकाना पड़ सकता है। राज्य सरकार ने विभिन्न श्रेणियों के व्यावसायिक वाहनों के परमिट शुल्क में बढ़ोतरी की तैयारी शुरू कर दी है। परिवहन विभाग ने हिमाचल प्रदेश मोटर यान नियम, 1999 में संशोधन का मसौदा जारी कर दिया है और इस पर आम लोगों, वाहन संचालकों तथा संबंधित संगठनों से 30 दिनों के भीतर सुझाव और आपत्तियां मांगी हैं। प्रस्तावित संशोधन के तहत बसों के नियमित परमिट के लिए आवेदन शुल्क बढ़ाकर 1,500 रुपये करने का प्रस्ताव है, जबकि अस्थायी परमिट के लिए 750 रुपये शुल्क देना होगा। इसी तरह अन्य मंजिली गाड़ियों और निजी सेवा वाहनों के लिए नियमित परमिट शुल्क 1,000 रुपये और अस्थायी परमिट शुल्क 500 रुपये प्रस्तावित किया गया है। परिवहन विभाग का मानना है कि मौजूदा समय की जरूरतों को देखते हुए शुल्क ढांचे में बदलाव जरूरी है।

## मप्रः मुख्यमंत्री आज दिल्ली में नीति आयोग की 11वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में होंगे शामिल

एजेंसी

**भोपाल :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय नीति आयोग की 11वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक आज गुरुवार को नई दिल्ली में हो रही है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस अति महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होंगे। जनसम्पर्क अधिकारी घनश्याम सिरसाम ने जानकारी देते हुए बताया कि नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक का विषय '2047 तक विकसित भारत के लिए समावेशी मानव विकास' रखा गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बैठक में मध्य प्रदेश में किए जा रहे कार्यों और योजनाओं की जानकारी साझा करेंगे। उन्होंने बताया कि स बैठक में राज्यों के मुख्यमंत्री और उप राज्यपाल एक साथ मिलकर समावेशी मानव विकास प्रारूप पर चर्चा करेंगे। बैठक मुख्यतः 'मूलभूत मानव पूंजी और भविष्य के लिए तैयार कौशल', 'उत्पादक रोजगार, उद्यमिता और विकेंद्रीकृत विकास', 'स्वास्थ्य, पोषण और कल्याण' एवं 'सभी के लिए समानता और गरिमा' से जुड़े विषयों पर केन्द्रित रहेगी। बैठक में देश भर में उद्यमिता को बढ़ावा देने, कौशल विकास को बढ़ाने और स्थायी रोजगार के अवसर सृजित करने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।



# शुरूआती कारोबार में रिकवरी के मूड में शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी में निचले स्तर से सुधार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार आज शुरूआती कारोबार के दौरान निचले स्तर से रिकवरी करता हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत गिरावट के साथ हुई। बाजार खुलने के बाद खरीदारी शुरू हो जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक की चाल में सुधार होने लगा। लगातार लिवाली होने के बावजूद पहले एक घंटे का कारोबार होने तक दोनों सूचकांक लगातार लाल निशान में ही बने हुए थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.29 प्रतिशत और निफ्टी 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से आईसीआईसीआई बैंक, ओएनजीसी, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल और टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के शेयर 1.36 प्रतिशत से लेकर 0.60 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, एचसीएल टेक्नोलॉजी, इंफोसिस, ट्रेंट लिमिटेड, टीसीएस और एटरनल के शेयर 3.28 प्रतिशत से लेकर 1.52 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,709 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 954 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,755 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 7 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 23 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 14 शेयर हरे निशान में और 36 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।



बीएसई का सेंसेक्स आज 367.19 अंक की कमजोरी के साथ 73,615.99 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण यह सूचकांक गिर कर 73,518.75 अंक के स्तर तक चला गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे सेंसेक्स की चाल में सुधार होने लगा। लगातार हो रही लिवाली के सपोर्ट से सुबह 10 बजे के थोड़ी देर पहले यह सूचकांक उछल कर 73,856.16 अंक तक आ गया। हालांकि इसके बाद एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से इस सूचकांक की चाल में गिरावट आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 218.05 अंक लुढ़क कर 73,765.13 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 110.55 अंक टूट कर 23,104.40 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के बाद बिकवाली का दबाव बनने की वजह से शुरूआती मिनट में ही यह सूचकांक गिर कर 23,072.05 अंक के स्तर पर आ गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे निफ्टी की चाल में सुधार होने लगा। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से सुबह 10 बजे के थोड़ी देर पहले यह सूचकांक उछल कर 23,172.85 अंक के स्तर तक आ गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 59.90 अंक की गिरावट के साथ 23,155.05 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।इसके पहले पिछले कारोबारी दिन बुधवार को सेंसेक्स 64.42 अंक यानी 0.09 प्रतिशत की मजबूती के साथ 73,615.99 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 27.15 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 23,214.95 अंक के स्तर पर बुधवार के कारोबार का अंत किया था।

## न्यूज IN ब्रीफ

### पुलिस अधीक्षक ने किया फेरबदल, 5 निरीक्षक व 2 उपनिरीक्षकों के तबादले

**औरैया :** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती ने जनपद की कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग में व्यापक फेरबदल करते हुए 5 निरीक्षकों एवं 2 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। जारी आदेश के अनुसार प्रभारी निरीक्षक विनेश कुमार को थाना ऐरवाकटरा से स्थानांतरित कर प्रभारी निरीक्षक थाना बिधूना बनाया गया है। वहीं निरीक्षक ललितेश नारायण त्रिपाठी, जो वर्तमान में थाना अजीतमल के प्रभारी निरीक्षक थे, उन्हें थाना बेला की जिम्मेदारी सौंपी गई है। निरीक्षक रमेश सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना सहार को स्थानांतरित कर प्रभारी निरीक्षक थाना अजीतमल नियुक्त किया गया है। प्रभारी निरीक्षक थाना बिधूना मुकेश बाबू चौहान का तबादला पुलिस लाइन औरैया कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त उपनिरीक्षक जितेन्द्र कुमार तिवारी, जो चौकी प्रभारी निझाई थाना औरैया के पद पर तैनात थे, उन्हें थानाध्यक्ष थाना सहार की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस महकमे में हुए इस फेरबदल को जनपद की कानून-व्यवस्था को और बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती द्वारा किए गए इन तबादलों से विभिन्न थानों की कार्यप्रणाली में नई ऊर्जा आने की उम्मीद जताई जा रही है।

### किशनगंज में अवैध खनन के अड्डों पर प्रशासन का बुलडोजर, 70 नावें ध्वस्त

**किशनगंज :** जिले में अवैध बालू और मिट्टी खनन के खिलाफ जिला प्रशासन ने गुरुवार को अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। जिलाधिकारी विशाल राज और पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के संयुक्त नेतृत्व में अहले सुबह करीब चार बजे से जिले के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में एक साथ व्यापक छापेमारी अभियान चलाया गया। प्रशासन की इस अचानक कार्रवाई से अवैध खनन में संलिप्त लोगों के बीच हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर जिले के कई चिन्हित घाटों और तटीय इलाकों में एक साथ दबिश दी। अभियान के दौरान अमल झाड़ी, बावन डूबा, ओद्रा, बेलवा, मौजबारी, रहमानी टी स्टेट के पीछे का क्षेत्र, रायपुर, हालामाला सहित विभिन्न नदी घाटों पर सघन जांच और कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने पाया कि नदियों के बीच से अवैध रूप से बालू निकालने के लिए बड़ी संख्या में नावों का उपयोग किया जा रहा था। प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए खनन कार्य में प्रयुक्त 70 से अधिक नावों को मौके पर ही ध्वस्त कर जमींदोज कर दिया। अधिकारियों का कहना है कि इन नावों का दोबारा उपयोग न हो सके, इसके लिए यह कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान बालू की ढुलाई में लगे कई ट्रैक्टरों को भी जब्त किया गया। जब्त वाहनों को जिला पुलिस लाइन लाया गया है, जहां जिला परिवहन विभाग और खनन विभाग की टीम उनके दस्तावेजों, इंजन और चेसिस नंबरों की गहन जांच कर रही है। अधिकारियों के अनुसार बिना वैध कागजात और चालान के पाए जाने वाले वाहनों के मालिकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के साथ-साथ नियमानुसार जुमार्ना लगाने की प्रक्रिया चल रही है। इस विशेष अभियान में अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ-1) खुसरू सिराज, सहायक जिला खनन पदाधिकारी आदित्य कुमार समेत कई प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती के बीच कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन और खनिजों के अवैध परिवहन के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। अधिकारियों ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों की लूट और राजस्व क्षति पहुंचाने वालों के खिलाफ आगे भी लगातार अभियान जारी रहेगा तथा किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

### प्रतिबंधित मादक पदार्थ के साथ एक गिरफ्तार

**सिलीगुड़ :** नेपाल सीमा से सटे खोरीबाड़ी इलाके में घर से चल रहे कथित मादक पदार्थ कारोबार का पुलिस ने भंडाफोड़ करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम रतन राय है। पानीटंकी के गौरसिंहजोत स्थित काली मंदिर इलाके में खोरीबाड़ी थाना और पानीटंकी चौकी की संयुक्त टीम ने बुधवार देर रात छापेमारी की।

कार्रवाई के दौरान घर के शयनकक्ष से 16 बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप, 25 ग्राम ब्राउन शुगर और करीब 92 हजार रुपये नकद बरामद किए गए। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है, जो उसी इलाके का निवासी है। पुलिस ने आरोपित को आज सिलीगुड़ी सब-डिविजनल कोर्ट में पेश करेगी। पुलिस पूरे नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की तलाश में जांच शुरू कर दी गई है।

### एटा -विभागीय प्रशिक्षण के बाद लौट रहे पुलिस निरीक्षक की सड़क दुर्घटना में मौत

**एटा :** उत्तर प्रदेश के एटा जिले में तैनात पुलिस निरीक्षक की सडक दुर्घटना में मौत हो गई।मृतक निरीक्षक मुरादाबाद से विभागीय प्रशिक्षण प्राप्त कर कर अपने तैनाती जनपद एटा लौट रहे थे। उत्तर प्रदेश के एटा जिले में थाना क्षेत्र मिरहची अंतर्गत बीती गुरुवार की रात समय करीब 2 बजे पुलिस निरीक्षक नवीन कुमार यादव(57) पुत्र श्री राजेंद्र सिंह यादव की आल्टो कार तेज रफ्तार में आगे बेतरतीब चल रहे ट्रैक्टर टोला से टकरा गई, जिससे निरीक्षक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक निरीक्षक 1997-98 बैच के सीधी भर्ती के पुलिस उप निरीक्षक थे और मूल रूप से 62/2,शिवालिक होम, अग्रसेन विहार शास्त्री नगर मेरठ के निवासी थे। वर्तमान में क्राइम ब्रांच एटा में निरीक्षक के पद पर तैनात थे। मृतक निरीक्षक नवीन कुमार विगत कुछ दिन पूर्व मुरादाबाद पुलिस प्रशिक्षण अकादमी में प्रशिक्षण में भाग लेने गए थे। प्रशिक्षण समाप्ति के बाद बीती रात अपनी ऑल्टो गाड़ी संख्या यूपी 15 एफ 5777 से स्वयं ड्राइविंग कर एटा लौट रहे थे, इसी दौरान एटा के थाना क्षेत्र मिरहची अंतर्गत जी टी रोड पर उनकी कार ट्रैक्टर टोला से टकरा गई और इस भीषण टक्कर में उनकी मौत हो उक्त सूचना पर स्थानीय थाना पुलिस द्वारा परिजनों को सूचित करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल एटा मोर्चरी भेज दिया गया है। मृतक नवीन कुमार यादव बहुत ही मिलनसार और अच्छे स्वभाव के बताए गए हैं। पुलिस विभाग में उनकी मौत के बाद गम का माहौल है। अपर पुलिस अधीक्षक श्वेताभ पांडे ने बताया बताया कि परिजनों को दी गई सूचना के बाद मेरठ से परिजन एटा आ चुके हैं।

### वित्त मंत्रालय मिलते ही उत्तर बंगाल के हालात का जायजा लेने पहुंचे स्वप्न दासगुप्ता

**सिलीगुड़ी :** राज्य के वित्त मंत्री स्वप्न दासगुप्ता पदभार संभालते ही गुरुवार को उत्तर बंगाल दौरे पर पहुंचे। बागडोगरा एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी राज्य बजट से पहले क्षेत्र की वास्तविक स्थिति को समझना और लोगों की अपेक्षाओं को जानना जरूरी है। उन्होंने बताया कि उत्तर बंगाल लंबे समय से उपेक्षित रहा है, इसलिए सरकार इस क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता दे रही है। 20 तारीख को राज्य बजट पेश किया जाएगा, उससे पहले आम लोगों से संवाद कर उनकी जरूरतों को समझने की कोशिश की जा रही है। वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि इस दौरे में विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी साथ हैं, ताकि जमीनी स्तर की समस्याओं का सही आकलन किया जा सके। आज वे उत्तरकन्या में प्रशासनिक बैठक भी करेंगे।

### लड़कियों के साथ छेडखानी का आरोपित पुलिस मुठभेड़ मे घायल

**सुलतानपुर :** उत्तर प्रदेश के जिला सुलतानपुर स्थित थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत दो सगी बहनों से छेड़खानी का आरोपित पुलिस एवं एसओजी की मुठभेड़ में घायल हो गया। उसके पास से एक तमंचा व चोरी की बाइक बरामद हुई है। अपर पुलिस अधीक्षक बृजनारायण सिंह ने गुरुवार को बताया कि बीती रात्रि में लगभग सवा दो बजे के आसपास थाना कोतवाली नगर को यह सूचना प्राप्त होती है कि एक अभियुक्त हवाई पट्टी के पास खड़ा है। यदि उसको रोका जाए तो उसके पास से लाभप्रद परिणाम प्राप्त होंगे। सूचना के आधार पर जनपदीय एसओजी टीम और स्थानीय थाना कोतवाली नगर की टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ने का प्रयास किया गया। यह देख आरोपित ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ जबाबी कार्यवाही मे आरोपित घायल हो गया । उसके दाहिने पैर में गोली लग गई। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी हालत खतरे के बाहर बताई जा रही है। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि उसका नाम मोहम्मद आसिफ, पुत्र इश्तियाक अहमद, उम्र 27 वर्ष, निवासी शास्त्री नगर, थाना कोतवाली नगर का निवासी है। उस पर 9 जून रात को दो सगी बहनों के साथ छेड़खानी की घटना का आरोप है। जिसके संदर्भ में स्थानीय थाना कोतवाली नगर में एक अभियोग भी पंजीकृत किया गया है। उनके पास एक .315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और एक चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया है। अग्रिम विधिक कार्रवाई प्रचलित है, मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

न्यूज IN ब्रीफ

## राज्यसभा चुनाव 2026 : सबकी नजर जयराम महतो पर



**गुलाम शाहिद/ रांची :** झारखंड में आगामी 18 जून को होने वाले राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। राज्य की दो राज्यसभा सीटों के लिए तीन उम्मीदवार मैदान में हैं, जिससे चुनाव मुकाबला रोचक हो गया है। एक ओर भारतीय जनता पार्टी अपने समर्थित उम्मीदवार के साथ चुनावी रणनीति में जुटी है, वहीं सत्तारूढ़ गठबंधन अपने संख्या बल के भरोसे जीत का दावा कर रहा है। इस चुनाव में सबसे अधिक चर्चा विधायक और झारखंडी पहचान की राजनीति करने वाले जयराम महतो की भूमिका को लेकर हो रही है। राजनीतिक गलियारों में यह सवाल लगातार उठ रहा है कि झारखंडी अस्मिता और स्थानीय अधिकारों की बात करने वाले जयराम महतो राज्यसभा चुनाव में किस पक्ष का समर्थन करेंगे। बीजेपी ने उद्योगपति और राज्यसभा उम्मीदवार परिमल नाथवानी को समर्थन दिया है। ऐसे में राजनीतिक विश्लेषकों और आम जनता के बीच यह चर्चा तेज है कि जयराम महतो अपने घोषित सिद्धांतों और झारखंडी अस्मिता के मुद्दे पर कायम रहते हैं या फिर चुनावी गणित के आधार पर कोई अलग फैसला लेते हैं। जयराम महतो कई मौकों पर बाहरी बनाम स्थानीय का मुद्दा उठाते रहे हैं और खुद को झारखंडी हितों का पक्षधर बताते रहे हैं। ऐसे में राज्यसभा चुनाव में उनका रुख राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उनके निर्णय से चुनावी समीकरणों पर असर पड़ सकता है। अब सभी की निगाहें 18 जून पर टिकी हैं, जब यह स्पष्ट होगा कि जयराम महतो किस उम्मीदवार या पक्ष का समर्थन करते हैं। राज्यसभा चुनाव के नतीजों के साथ-साथ उनके राजनीतिक रुख पर भी जनता और राजनीतिक दलों की नजर बनी हुई है।

## गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध कार्य निष्पादन सुनिश्चित करने का उपायुक्त ने दिया निर्देश

**चतरा :** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त रवि आनंद की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) मद अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में संचालित एवं प्रस्तावित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए उनकी प्रगति, गुणवत्ता एवं समयबद्ध निष्पादन की स्थिति का आकलन किया गया।समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने सभी क्रियान्वयन एजेंसियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि डीएमएफटी मद से संचालित योजनाओं का उद्देश्य खनन प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण एवं जनकल्याण सुनिश्चित करना है, इसलिए सभी संबंधित एजेंसियां योजनाओं के क्रियान्वयन में अपेक्षित गंभीरता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें। बैठक में कुछ एजेंसियों द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त होने के बावजूद कार्य प्रारंभ नहीं किए जाने पर उपायुक्त ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित एजेंसियों को एक सप्ताह के भीतर कार्य प्रारंभ करने का निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा।समीक्षा के क्रम में विद्यालयों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, विद्यालयों की चहारदीवारी निर्माण, सड़क, पुल-पुलिया सहित अन्य आधारभूत संरचना से संबंधित विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद अंतर्गत खनन प्रभावित जिले की सभी 153 पंचायतों के लिए आवश्यक विकास योजनाओं के चयन एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में भी निर्णय लिया गया, ताकि स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट प्रभारी विनय कुमार, डीएमएफटी पीएमयू के प्रतिनिधि सहित विभिन्न विभागों के संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## पुलिस ने 'रीलबाज' को कराया अपनी गलती का एहसास

**चतरा :** सोशल मीडिया पर लाइक और फॉलोअर्स की होड़ में पुलिस थाने को भी 'रील स्टूडियो' समझने वालों के खिलाफ प्रतापपुर पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। थाना परिसर में हिंसात्मक बातों और भोजपुरी गाने पर रील बनाकर सोशल मीडिया पर भौकाल जमाने वाले युवक की हेकड़ी पुलिस कार्रवाई के बाद पूरी तरह उतर गई।जानकारी के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से प्रतापपुर एवं कुंदा थाना परिसर के अंदर वीडियो बनाकर फेसबुक और इंस्टाग्राम पर अपलोड किए जा रहे थे। वीडियो में एक युवक खुद को प्रभावशाली और रंगदार दिखाने की कोशिश कर रहा था। मामला सामने आने के बाद स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई और पुलिस से कार्रवाई की मांग की।प्रतापपुर थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी के निर्देश पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी युवक मुकेश कुमार को हिरासत में लिया। पुलिस के सामने पहुंचते ही सोशल मीडिया का तथाकथित 'भौकाल' फीका पड़ गया। युवक ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए लिखित माफीनामा दिया और पुलिस की मौजूदगी में विवादित रील को अपने सोशल मीडिया अकाउंट से हटा दिया।थाना प्रभारी ने स्पष्ट संदेश दिया कि थाना परिसर कोई मनोरंजन या रील बनाने की जगह नहीं है। बिना अनुमति वीडियो रिकॉर्डिंग कर पुलिस की छवि धूमिल करने या कानून व्यवस्था का मजाक उड़ाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि कई बार युवकों द्वारा बाइक आदि पर भी स्टंड कर रील बनाने के चक्कर में एक्सीडेंट आदि होने गिर कर घायल होने तो कभी कभी जान जाने की घटना यदा कदा सुनने को मिलते रहती है अतः इन मामलों में न सिर्फ प्रशासन की जिम्मेवारी है बल्कि अभिभावकों को भी सतर्क और सचेत रहने की जरूरत है ताकि उनके बच्चे ऐसे किसी कृत में पड़कर अपनी तथा औरों की जिंदगी से न खेलें।पुलिसिया कार्रवाई के बाद क्षेत्र के अन्य रीलबाजों में भी हड़कंप मच गया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल जिम्मेदारी के साथ करें और कानून का सम्मान बनाए रखें।

## ग्रामीण योजना बनाएं पूरा हम करेंग : अमित महतो

**सिल्ली :** बुधवार को सिल्ली विधायक अमित महतो के विधायक फंड से क्षेत्र के विकास और जनहित को ध्यान में रखते हुए अनगड़ा प्रखंड अंतर्गत हेसलाबेड़ा फुटबॉल मैदान में चबूतरा, जोन्हा दिनेश तिर्की चौक चर्च परिसर के समीप चबूतरा, जोन्हा राम मंदिर के समीप शौचालय एंव जरुवाडीह उरांव टोला में पीसीसी तथा सिल्ली प्रखंड अंतर्गत टूटकी नवाडीह में तांती टोला सरकारी कुआं से बाबूराम महतो के घर तक पीसीसी, सिल्ली छाता टांड स्कूल से ऊपर चट्टानी तक नाली, एंव जोबला महावीर मंदिर से जोबला सोतिया तक नाली निर्माण का आधारशीला रखा गया।तमाम विकास योजनाओं का शिलान्यास विधायक के गरिमामयी उपस्थिति में गांवों की बुजुर्ग महिलाओं ने की। इस अवसर पर विधायक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा ग्रामीण योजना बनाएं पूरा हम करेंगे। मौके पर जिप सदस्य लक्ष्मी देवी झामुमो नेता शेखर महतो राजा महतो देवेन महतो राधेश्याम महतो अखिलेश कुम्हार समीर ठाकुर डॉ वकील प्रकाश कोईरी रमेश सिंह मलिन करमाली परेश करमाली हराधन कोईरी समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# गोईलकेरा में योजनाओं और नवाचारों का निरीक्षण, सचिव राजेश कुमार शर्मा ने की पीडीएस संचालकों व महिला समूहों की सराहना

बिनय मिश्रा



**चक्रधरपुर :** खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखंड सरकार के सचिव राजेश कुमार शर्मा ने पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोईलकेरा प्रखंड का दौरा कर विभिन्न विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उपायुक्त मनीष कुमार, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी श्रुति राजलक्ष्मी सहित जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

दौरे के क्रम में सचिव ने गोईलकेरा हाट के समीप बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत स्थापित आम बिक्री केंद्र का उद्घाटन किया। इसके पश्चात उन्होंने प्रखंड कार्यालय परिसर में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) की संकुल स्तरीय समिति द्वारा संचालित बर्तन बैंक का शुभारंभ किया। अधिकारियों ने उन्हें बर्तन बैंक की कार्यप्रणाली तथा ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी उपयोगिता एवं सामाजिक-आर्थिक महत्व की विस्तृत जानकारी दी।

इसके बाद प्रखंड सभागार में आयोजित संवाद कार्यक्रम में सचिव ने पीडीएस दुकान संचालकों से मुलाकात कर खाद्यान्न वितरण व्यवस्था, लाभुकों को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने तथा संचालन से जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा की। इस दौरान संचालकों के सुझाव भी प्राप्त किए गए। कार्यक्रम में डाकिया योजना के तहत बिरहोर परिवारों के बीच धोती एवं साड़ी का वितरण किया गया। साथ ही स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित पीडीएस दुकानों एवं अन्य संचालकों के लिए टी-शर्ट एवं छाता वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ भी किया गया।

अपने संबोधन में सचिव राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि राज्य में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा भुखमरी जैसी परिस्थितियों पर नियंत्रण स्थापित करने में पीडीएस संचालकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने उनकी सेवा भावना एवं समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की सफलता में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है।

सचिव ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने पलाश नोटबुक निर्माण, दीदी कैफे तथा बर्तन बैंक जैसी आजीविका गतिविधियों को आय सृजन एवं ग्रामीण विकास का सफल मॉडल बताया। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा तैयार केक एवं अन्य उत्पादों का प्रदर्शन भी किया गया, जिसकी उन्होंने सराहना की।

उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन जनहित में कई नवाचारी पहल कर रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में संचालित ह्लप्रोजेक्ट आहारह्व की सफलता में पीडीएस संचालकों की सक्रिय भूमिका रही है। प्रत्येक माह 6 एवं 18 तारीख को आयोजित होने वाले ह्लआहार दिवसह्व के माध्यम से राशन कार्डधारियों तक समयबद्ध एवं सुगम खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों, पीडीएस संचालकों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं एवं ग्रामीणों ने जिले को नशामुक्त बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। सचिव ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए घातक है तथा इसके विरुद्ध व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर नजारत उप समाहर्ता देवेंद्र कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुनीला खलको, गोईलकेरा प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार, डीपीएम-जेएसएलपीएस आशियानी मारकी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, पीडीएस संचालक एवं लाभार्थी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि राजेश कुमार शर्मा वर्ष 2006 में चक्रधरपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) के रूप में कार्यरत रह चुके हैं। उनके कार्यकाल में क्षेत्र में हुए विकास कार्यों को आज भी स्थानीय लोग याद करते हैं।

## चाईबासा व्यवहार न्यायालय के सरकारी अधिवक्ता पवन कुमार शर्मा का सेवा विस्तार

संवाददाता



**चाईबासा :** झारखंड सरकार ने एक बड़ा निर्णय लेते हुए चाईबासा व्यवहार न्यायालय के वर्तमान सरकारी अधिवक्ता (पब्लिक प्रोसिक्यूटर) पवन कुमार शर्मा की सेवा अवधि को अगले आदेश तक बढ़ाने की स्वीकृति दे दी है। इस संबंध में राज्य सरकार के विधि विभाग द्वारा आधिकारिक आदेश जारी कर दिया गया है।

विधि विभाग ने जारी की अधिसूचना

प्राप्त जानकारी के अनुसार, विधि विभाग के प्रधान सचिव सह विधि परामर्शी नीरज कुमार श्रीवास्तव के हस्ताक्षर से यह आदेश जारी किया गया है। सक्षम प्राधिकारी के स्तर से मिले विधि सम्मत अनुमोदन के बाद इस अधिसूचना को प्रभावी कर दिया गया है। जारी आदेश के मुताबिक, पवन कुमार शर्मा आगामी आदेश तक पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत सरकारी अधिवक्ता के रूप में अपनी सेवाएं निरंतर देते रहेंगे।

पूर्व की भांति निभाएंगे जिम्मेदारियां

सेवा विस्तार मिलने के बाद अधिवक्ता पवन कुमार शर्मा पूर्व की तरह ही न्यायालय में सरकार का पक्ष रखेंगे और राज्य सरकार की ओर से सौंपे गए सभी विधिक दायित्वों एवं कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।

वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी गई प्रति

विभाग द्वारा जारी किए गए इस आदेश की प्रतिलिपि आवश्यक सूचना और अग्रतर कार्रवाई हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पीडीजे) तथा पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त (डीसी) को प्रेषित कर दी गई है। इस निर्णय के बाद स्थानीय अधिवक्ताओं और न्यायिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

## भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रवि रंजन मिश्रा की है सशक्त पहचान

ज्योति पाठक



भारतीय प्रशासनिक सेवा 2010 बैच के आईएएस अधिकारी की बात चलती है तो रवि रंजन मिश्रा का नाम स्वतः ही जुंबा पर चला है इसकी प्रमुख वजह यह है कि श्री मिश्रा लोकप्रिय कर्मठ और बेहतर उपलब्धि भरे कार्यों के लिए तो पहचाने ही जाते हैं साथ ही साथ उनकी अद्भुत इच्छाशक्ति और लगन के कारण उन्हें औरों से अलग पहचान मिली है। भक्ति गीत और गानों को हूबहू आवाज देना आकृति और प्रकृति की अद्भुत चित्रकारी भी उनकी अनुपम कामयाबी की गाथा बताने को काफी है।

उन्होनें जीवंत कलाकारी का परिचय देते हुए टाइटैनिक का एक स्केच बनाया और कहा कि

इसमें मानव जीवन के छिपे अर्थ, अप्रत्याशित चुनौतियाँ और गहरे रहस्य समाहित हैं।

आरएमएस टाइटैनिक को दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे आलीशान यात्री पोत बनाने के लिए डिजाइन किया गया था।

यात्री इस साहसिक और आलीशान यात्रा को लेकर बेहद खुश थे, लेकिन दुर्भाग्यवश न्यूयॉर्क की अपनी यात्रा के कुछ ही घंटों के भीतर (14 अप्रैल, 1912 को) यह एक हिमखंड से टकराकर डूब गया और इस त्रासदी में लगभग 1500 लोगों की जान चली गई।

जीवन सचमुच एक पहेली है। यहाँ मैंने अपने द्वारा गाए गए एक गीत की पृष्ठभूमि के साथ टाइटैनिक का एक स्केच (वॉटरकलर से) बनाने का प्रयास किया है।

## अत्यधिक लोड के कारण एक ही स्थान पर लगातार जल जा रहा है केबल

**मेदिनीनगर :** हुसैनाबाद शहर क्षेत्र अंतर्गत जपला - छतरपुर मुख्य सड़क स्थित खादी भंडार के पास लगे ट्रांसफार्मर से नहर मोड़ की ओर जाने वाली विद्युत लाइन का केबल पवन अग्रवाल की दुकान के सामने बार-बार जल रहा है। बीते एक महीने में एक ही स्थान पर कई बार केबल जलने की घटना से उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार अत्यधिक विद्युत भार के कारण केबल बार-बार जल रहा है, जिससे घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। बार-बार फॉल्ट होने से आम उपभोक्ताओं, दुकानदारों और व्यवसायियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. उस क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं ने विभाग से मांग की है कि सड़क के दोनों ओर केबलिंग कर बिजली लोड का बंटवारा किया जाए।

## अड्डेबाजी करते 4 युवक हिरासत में, परिजनों को बुलाकर दी सख्त हिदायत

संवाददाता

**सिमडेगा :** सिमडेगा जिला अंतर्गत कानून-व्यवस्था को दुरुस्त रखने और असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। अवैध शराब की बिक्री और सार्वजनिक स्थलों, पार्कों व विभिन्न संवेदनशील इलाकों में होने वाली अड्डेबाजी को रोकने के लिए पुलिस द्वारा लगातार विशेष गश्ती और निगरानी अभियान चलाया जा रहा है।

इसी अभियान के तहत बीते बुधवार (10 जून 2026) को पुलिस को सूचना मिली कि बाजार टांड क्षेत्र में कुछ युवक इकट्ठा होकर अड्डेबाजी कर रहे हैं।

एसपी के निर्देश पर छापेमारी

सूचना मिलते ही सिमडेगा पुलिस अधीक्षक (रढ) के निदेर्शानुसार एक विशेष पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर छापेमारी की। पुलिस दल ने बाजार टांड से चार युवकों को हिरासत में लिया और पूछताछ के लिए सिमडेगा थाना लेकर आई।

परिजनों को बुलाकर दी गई सख्त हिदायत

थाने में चारों युवकों से सघन पूछताछ की गई। इसके बाद पुलिस ने उन्हें सार्वजनिक स्थानों पर अनावश्यक भीड़ न लगाने, क्षेत्र में शांति व कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी प्रकार की संदिग्ध व असामाजिक गतिविधियों से दूर रहने की सख्त हिदायत दी।

पुलिस ने इस पूरे मामले की जानकारी युवकों के परिजनों को दी। थाने बुलाकर परिजनों की मौजूदगी में ही युवकों की उचित काउंसिलिंग (परामर्श) की गई। भविष्य में दोबारा ऐसी गतिविधियों में संलिप्त न होने की कड़ी चेतावनी और आवश्यक समझाइश के बाद चारों युवकों को छोड़ दिया गया।

सिमडेगा पुलिस की आम जनता से अपीलः

₹सभी नागरिक जिम्मेदार बनें और सार्वजनिक स्थलों पर अनावश्यक जमावड़ा लगाने से बचें। यदि आपके आस-पास कोई भी संदिग्ध या असामाजिक गतिविधि दिखाई दे, तो उसकी सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दें। पुलिस को सहयोग करें ताकि जिले में शांति, सुरक्षा और सौहार्दपूर्ण वातावरण कायम रखा जा सके।

## आदिवासी परिवार की स्थिति खराब, एक घर में मुर्गा मुर्गी व गाय बैल के साथ रहने को विवश



**सिल्ली :** विधायक सांसद या मंत्री चाहे कोई भी हो उनके भाषणों में अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना मेरी पहली प्राथमिकता है ये लाइन उनके मुंह में सुनने से बहुत अच्छी लगती है।उनको जमीनी हकीकत से कोई सरोकार नही रहता है। सिल्ली प्रखंड अंतर्गत पिस्का पंचायत में जाराडीह एक टोला है जहां एक मुंडा परिवार घर की माली हालत खराब रहने से पिछले कई दशकों से एक मिट्टी का घर में मुर्गा-मुर्गी, गाय-बैल के साथ रहने को मजबूर है। जनप्रतिनिधि हो या पंचायत प्रतिनिधि किसी को इस परिवार की दयनीय स्तिथि पर कोई सरोकार नही। केवल चुनाव के समय इस परिवार को वोट लेने तक सीमित रखा है। दयनीय स्तिथि से गुजर रही चमीन देवी पति स्व0 रेंगटा मुंडा ने बतायी की जंगल से लकड़ी चुनकर लाते है और बेचकर किसी तरह घर खर्चा चलाते है।इस आदिवासी परिवार की दयनीय स्तिथि पर कहने में कोई संकोच नही की यहां योजनाएं कागज पर खत्म हो जाती है।विधायक फंड मनरेगा, आवास योजना का बजट तो पास हो जाता है, लेकिन ठेकेदार, अफसर और लोकल लेवल पर लीकेज की वजह से काम कागजों तक सीमित रह जाता है। नेता और अफसर को दिखाना होता है कि कहते है शौचालय बना दिए सड़क नाली बना दी गरीबों आवास दिया लेकिन वो इस्तेमाल लायक है या नहीं, ये उसने कभी चेक नहीं किया।

# मोदी सरकार के बारह साल पूरे होने पर हुसैनाबाद विधानसभा अंतर्गत सांसद ने चलाया विशेष जनसम्पर्क अभियान

मेट्रोरेज संवाददाता

**मेदिनीनगर :** मोदी सरकार के कार्यकाल के बारह साल पूर्ण होने के मौके पर पलामू सांसद श्री विष्णु दयाल राम ने कार्यक्रम ₹बारह साल विश्वास के, विकास के, जन कल्याण के₹ के तहत हुसैनाबाद विधानसभा में विशेष जन संपर्क अभियान चलाया और विधानसभा के प्रमुख लोगों से मिलकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों के बारे में चर्चा की। जिसमे छतरपुर रोड जपला गम्हरिया के श्री अखिलेश पासवान,मुखिया दंगवार श्री अमरेन्द्र ठाकुर,पंचायत समिति सदस्य श्री संतोष राम,श्री आर सी मेहता रिटायर्ड कैप्टन,श्री दुखन सिंह रिटायर सुबेदार, गांधी चौक के श्रीरंजन कुमार,श्री ओम प्रकाश अग्रवाल जेपी रोड के डॉक्टर शिवप्रसाद मेहता दंगवार के डॉक्टर अखिलेश गुप्ता एवं श्री आलोक केसरी के घर जाकर उनसे मिले।इसी क्रम में सांसद श्री राम ने दंगवार के मुखिया श्री अमरेंद्र ठाकुर के घर दोपहर का भोजन भी किया।इसके बाद सांसद श्री राम ने जपला -छतरपुर रोड में चारधाम के पास वृक्षारोपण अभियान के तहत वृक्षरोपण भी किया। इसी क्रम में वे ग्राम पतरा खुर्द में भाजपा कार्यकर्ता सत्येंद्र साव के पुत्र के विगत दिनों पानी में डूब जाने से हुई असमायिक दुःखद मृत्यु पर शोक संतप्त परिजनों से मिले और संवेदना व्यक्त करते हुए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।फिर उन्होंने कार्यक्रम ₹स्वच्छता अभियान₹ के तहत जपला के गाँधी चौक पर साफ -सफाई करते हुए लोगों को स्वच्छता का संदेश दियाऔर लोगों से प्लास्टिक आपशिष्ट की सफाई पर विशेष बल देते हुए पलास्टिक से बनी थैले की जगह कपड़े एवं कागज से बनी विशेष प्रकार की थैले का उपयोग करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि एक बार फेंक दिए जाने के बाद, कई प्लास्टिक आसानी से जैविक रूप से विघटित नहीं होते और सदियों तक पर्यावरण में बने रह सकते हैं। इनके विघटन से सूक्ष्म प्लास्टिक निकलते हैं जो मिट्टी और महासागरों को प्रदूषित करते हैं, वन्यजीवों को प्रभावित करते हैं और खाद्य श्रृंखला में प्रवेश करते हैं। कुछ प्लास्टिक विघटन के दौरान विषैले रसायन भी उत्सर्जित करते हैं ।तत्पश्चात ₹प्रगति पथ यात्रा₹कार्यक्रम के तहत उन्होंने विकास स्थलों एवं उच्च प्राथमिकता वाली परियोजनाओं जैसे जल जीवन मिशन के अंतर्गत सोन नदी पर निमार्णाधीन पेयजलापूर्ति योजना एवं जुड़को द्वारा निमार्णाधीन हुसैनाबाद पेयजलापूर्ति योजना तथा हरिहरगंज फॉर लेन बाईपास का निरिक्षण किया और वस्तुस्थिति की अद्यतन जानकारी ली।इसके अलावे सांसद श्री राम ने छतरपुर ग्रामीण जलापूर्ति योजना का भी निरीक्षण किया निरीक्षण के क्रम में पाया कि आउटलेट पाइप से पानी का रिसाव हो रहा है जिसपर सांसद श्री राम ने काफी नाराजगी व्यक्त करते हुए साइट पर उपस्थित साइट इंचार्ज को एक सप्ताह के भीतर रिसाव को दूर करने का आदेश दिया।जनसम्पर्क कार्यक्रम के बारे में सांसद श्री राम ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ निरंतर प्रधानमंत्री के रूप में सेवा दे रहे हैं,श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व एवं एनडीए सरकार के ऐतिहासिक उपलब्धियां से परिपूर्ण 12 वर्ष 7 जून 2026 को पूर्ण हो गया है,हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने गरीब शोषित एवं वंचित वर्गो के कल्याण हेतु उल्लेखनीय कार्य किए हैं ।विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को लाभान्वित करना, नारी शक्ति का सशक्तिकरण तथा देश का समग्र विकास हमारी प्रमुख उपलब्धियां रही है ।वैश्विक चुनौतियों को अवसरों में परिवर्तित करते हुए सरकार ₹विकसित भारत₹ के संकल्प को साकार करने की दिशा में तीव्र गति से आगे बढ़ रही है।आगामी दिनों में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी देश के सबसे लंबे समय तक निरंतर निर्वाचित रहने वाले प्रधानमंत्री बनेंगे और जन सेवा के अपने सार्वजनिक जीवन में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित करेंगे। इसी के उपलक्ष्य में माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन जी के निदेर्शानुसार ₹बारह साल विश्वास के,विकास के,जनकल्याण के₹ पूर्ण होने के शुभ अवसर पर 5 जून 2026 से 21 जून 2026 तक घोषित विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन पुरे देश में किया जा रहा है।

उक्त कार्यक्रम में माननीय सांसद श्री राम के साथ उनके 5 लोगों के समूह में वरिष्ठ भाजपा नेता श्री कामेश्वर कुशवाहा, श्री रविन्द्र सिंह, श्री रामेश्वर राम, डॉ. अखिलेश गुप्ता, श्री श्रवण गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि श्री रंजीत पासवान, अखिलेश मेहता, सुबोध कश्यप,ईश्वरी पाण्डेय, भोला पाण्डेय, श्रवण अग्रवाल,विनय पासवान, संतोष सिंह अजय जायसवाल, महेन्द्र सिंह सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, कौशल झा,आदि शामिल थे।